
नेशनल प्रेस टाइम्स
नेशनल दैनिक हिंदी न्यूज़ पेपर
नई दिल्ली, शुक्रवार
07 फरवरी 2025
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) | वर्ष : 10, अंक : 321 | www.nationalpresstimes.com | पृष्ठ : 10 | मूल्य : 05 रुपया | RNI No : UPHIN/2015/64579



'जातिवाद का जहर फैलाने का प्रयास हो रहा', पीएम मोदी बोले-

# अंबेडकर से कांग्रेस को नफरत मजबूरी में बोलना पड़ रहा जय भीम



नई दिल्ली । पीएम मोदी ने कहा कि, ये उनकी सोच, समझ के बाहर है और रोडमैप में भी सूट नहीं करता। इतना बड़ा दल एक परिवार के लिए समर्पित हो गया है। उसके लिए ये संभव ही नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने विस्तार से चर्चा की है, देश को आगे की दिशा भी दिखाई है। राषट्रपति जी का अभिभाषण प्रभावी भी था और हम सबके लिए भविष्य के काम पर मार्गदर्शक भी था। इसे जिसने जैसा समझा, वैसे समझाया। सबका साथ, सबका विकास पर यहां बहुत कुछ कहा गया। इसमें कठिनाई क्या है। ये तो हम सबका दायित्व है। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, उनसे इसके लिए कोई अपेक्षा करना बहुत बड़ी गलती होगी।

**'कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट सर्वोपरि रहा'**- पीएम मोदी ने कहा कि, ये उनकी सोच, समझ के बाहर है और रोडमैप में भी सूट नहीं करता। इतना बड़ा दल एक परिवार के लिए समर्पित हो गया है। उसके लिए ये संभव ही नहीं है। कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट सर्वोपरि रहा है। देश की जनता ने हमें तीसरी बार लगातार सेवा का मौका दिया। ये बताता है कि देश की जनता ने हमारे विकास के मॉडल को परखा है, समझा है और समर्थन दिया है। हमारा ये मॉडल एक शब्द में कहना हो तो कहूंगा- नेशन फर्स्ट। पीएम मोदी ने कहा कि, इसी उम्दा भावना के साथ वाणी-वर्तन, नीतियों में इसी एक बात को मानदंड मानकर सेवा करने का प्रयास किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि लंबे समय तक देश को तराजू पर तौलने का कोई अवसर ही नहीं मिला था कि वैकल्पिक मॉडल क्या हो? 2014 में हमने देश को वैकल्पिक मॉडल दिया। जनता ने हमारे मॉडल को मंजूर किया। हमने तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण का मॉडल दिया है। कांग्रेस का तरीका होता था कि जब चुनाव आए तब छोटे तबके को कुछ दे देना और बाकियों को तरसते देखना।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जबरदस्त हमला बोलते हुए कहा कि, झुनझुना बांटना, लोगों की आंखों पर पट्टी बांधकर अपनी सियासत को चलाए रखना। इनकी नजर वोट की खेती पर होती थी। हमारी कोशिश रही है कि भारत के पास जो भी संसाधन हैं, उनका इष्टतम उपयोग किया जाए। जो समय है, उसको भी बबार्दी से बचाकर के पल-पल का उपयोग जनकल्याण के लिए, देश की प्रगति के लिए खर्च हो।

शेष पेज 2 पर

यूपीः प्रदेश की आबकारी नीति में हुआ बड़ा बदलाव

# एक ही दुकान में मिल सकेंगी बियर, देशी और अंग्रेजी शराब



लखनऊ। यूपी की आबकारी नीति में बड़ा बदलाव हुआ है। अब लाइसेंस लाटरी सिस्टम से मिलेगा। साथ ही हर तरह की शराब एक ही दुकान से बेची जा सकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 2025-26 की आबकारी नीति को मंजूरी दे दी गई। नई नीति में देशी-विदेशी शराब, बीयर, भांग की फुटकर दुकानों का लाइसेंस ई-लॉटरी से होगा। विभाग इस बार पुराने लाइसेंस का रिन्यूवल नहीं करेगा। बता दें कि इससे पहले वित्तीय वर्ष 2018-2019 में ई-लॉटरी से दुकानें आवंटित हुई थी। हालांकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में लाइसेंस रिन्यूवल का विकल्प दिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार आबकारी नीति में प्रदेश में पहली बार कंपोजिट दुकानों का लाइसेंस भी जारी किया जाएगा, जिसमें विदेशी शराब, बीयर और वाइन की एक साथ बिक्री की सुविधा होगी। हालांकि इन दुकानों पर शराब

पीने की अनुमति नहीं होगी। नई नीति में 55 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 4000 करोड़ रुपये अधिक है। वहीं प्रीमियम रिटेल दुकानों के लाइसेंस का रिन्यूवल 25 लाख रुपये वार्षिक फीस लेकर करने का फैसला लिया गया है। पिछले साल की तरह लाइसेंस फीस यथावत रखी गई है। कोई भी व्यक्ति, फर्म, कंपनी दो से अधिक लाइसेंस नहीं ले सकेंगी।

शेष पेज 2 पर

## चुनावी नतीजों से पहले अअढ का दावा हमारे सात विधायकों को भाजपा ने किया फोन, 15 करोड़ देने की पेशकश की




नई दिल्ली। आप सांसद संजय सिंह ने बड़ा दावा किया है। संजय सिंह ने कहा कि आप के सात विधायकों को कुछ भाजपा तत्वों से फोन आए हैं, जिन्होंने उन्हें आम आदमी पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए 15 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है।

दिल्ली चुनाव के लिए 70 सीटों पर वोटिंग खत्म हो चुकी है। 2025 के दिल्ली चुनाव के एग्जिट पोल ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट लाभ दिया है। हालांकि, शनिवार को वोटों की गिनती होगी। तीसरे कार्यकाल का लक्ष्य लेकर चल रही सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की उम्मीदों पर पानी फिरता लग रहा है। इन सबके बीच आप सांसद संजय सिंह ने बड़ा दावा किया है। संजय सिंह ने कहा कि आप के सात विधायकों को कुछ भाजपा तत्वों से फोन आए हैं, जिन्होंने उन्हें आम आदमी पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए 15 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है।

संजय सिंह ने कहा कि हमने विधायकों से कहा है कि वे ऐसे ऑडियो कॉल को रिकॉर्ड करें और इसकी शिकायत करें।

शेष पेज 2 पर

# क्या एच5एन1 बढ़ते संक्रामक रोग के कारण आने वाली है नई महामारी?

## आईसीएमआर ने शुरू कर दी है तैयारी



नई दिल्ली । अमेरिका में वैज्ञानिकों की टीम ने एच5एन1 वायरस में एक और नया व खतरनाक म्यूटेशन देखा गया जिसने चिंता बढ़ा दी है। कुछ विशेषज्ञ कहते हैं, जिस तरह से इस वायरस का प्रकोप देखा जा रहा है ऐसे में इसके कारण संभावित महामारी का खतरा है।आईसीएमआर के विशेषज्ञों की टीम ने बर्ड फ्लू वायरस के खिलाफ एक स्वदेशी वैक्सीन विकसित करने पर काम भी शुरू कर दिया है।

पिछले कुछ महीनों से दुनिया के कई देश एवियन इन्फ्लूएंजा (ल्5ठ1) वायरस के कारण फैलने वाली संक्रामक बीमारी को लेकर चिंतित हैं। एवियन इन्फ्लूएंजा जिसे बर्ड फ्लू के नाम से भी जाना जाता रहा है, इसका इंसानों में संक्रमण दुर्लभ माना जाता रहा है। पर पिछले कुछ महीनों में ये वायरस न सिर्फ इंसानों को संक्रमित कर रहा है बल्कि इसके कारण कई स्थानों पर मौत के मामले भी सामने आए हैं। वैज्ञानिकों की टीम ने वायरस में कुछ नए म्यूटेशन देखे हैं जो इसकी संक्रामकता और जटिलता दोनों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

बर्ड फ्लू को लेकर प्राप्त हो रही हालिया जानकारियों के मुताबिक अमेरिका में वैज्ञानिकों की टीम ने वायरस में एक और नया व खतरनाक म्यूटेशन देखा गया जिसने चिंता बढ़ा दी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बुधवार (5 फरवरी) को बताया कि नेवादा स्टेट में कई मवेशी एक नए प्रकार के बर्ड फ्लू से संक्रमित पाए गए हैं, जो अब तक अमेरिका में फैल रहे वैरिएंट से अलग है।

वायरस के इस नए वैरिएंट को ऊा.1 नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि शुरूआती अध्ययनों में इसकी प्रकृति काफी खतरनाक पाई गई है जिसमें संभावित रूप से महामारी का कारण बनने की क्षमता हो सकती है।

पिछले कुछ महीनों के रिपोर्ट उठाकर देखें तो पता चलता है कि वायरस के अलग-अलग वैरिएंट के कारण गाय, इंसानों और कुछ अन्य जानवरों में संक्रमण देखा गया था। अप्रैल 2024 में पहली बार गाय और गायों से इंसानों में बर्ड फ्लू संक्रमण के मामले देखे गए थे।

एच5एन1 को शोधकर्ता कई प्रकार से घातक मान रहे हैं, इसकी मृत्युदर भी अधिक मानी जाती रही है। कुछ विशेषज्ञ कहते हैं, जिस तरह से इस वायरस का प्रकोप देखा जा रहा है ऐसे में इसके कारण संभावित महामारी का खतरा है। अगर महामारी आती है तो निश्चित ही ये कोरोना से कहीं ज्यादा खतरनाक हो सकता है।

शेष पेज 2 पर

## कार और रोडवेज बस की भिड़ंत में सात लोगों की मौत, टायर फटने से बेकाबू बस ने कार को मारी टक्कर



जयपुर। राजधानी जयपुर के दूदू इलाके में नेशनल हाइवे-48 के मोखमपुरा क्षेत्र में एक कार और रोडवेज बस के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस दौरान सात लोगों की मौत हुई है।

राजधानी जयपुर के दूदू इलाके से सड़क हादसे की खबर सामने आई है। दूदू के पास नेशनल हाइवे-48 के मोखमपुरा क्षेत्र में एक कार और रोडवेज बस के बीच टक्कर हो गई। इसमें कार सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

बता दें कि हादसे की सूचना मिलते ही मोखमपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कार से निकालने का काम शुरू किया। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया, जिसे पुलिस हटाने का प्रयास कर रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार तेज रफ्तार में थी तभी अचानक उसका टायर फट गया। इसके बाद कार डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जा घुसी और सामने से आ रही राजस्थान रोडवेज बस से टकरा गई।

शेष पेज 2 पर

राज्यसभा में जयशंकर बोले-

# निर्वासितों के साथ दुर्व्यवहार न हो इसके लिए ट्रंप सरकार के संपर्क में




नई दिल्ली । जयशंकर ने अमेरिका से अब तक भारत निर्वासित किए गए लोगों के आंकड़े भी सदन के सामने रखे। उन्होंने कहा कि साल 2009 में 734, साल 2010 में 799, साल 2011 में 597, साल 2012 में 530 भारतीयों को निर्वासित किया गया। उन्होंने इस संबंध में 2024 तक के आंकड़े साझा किए।

अमेरिका से निर्वासित किए गए भारतीय नागरिकों पर राज्यसभा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बयान दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहे पाए जाते हैं तो उन्हें वापस ले लिया जाए। हम अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वापस लौटने वाले निर्वासितों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार न हो।

जयशंकर ने कहा, 'सदन इस बात की सराहना करेगा कि हमारा ध्यान अवैध आव्रजन उद्योग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पर है। ऐसा होना भी चाहिए।

शेष पेज 2 पर

विपक्ष का हल्लाबोलः आरएसएस के एजेंडे को आगे बढ़ाने का प्रयास'

# यूजीसी नियमों के मसौदे के विरोध में उतरे राहुल



नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर द्रमुक द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नियमों के मसौदे के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति पर यूजीसी के मसौदा नियम आरएसएस के एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश है। इसका उद्देश्य देश पर 'एक इतिहास, एक परंपरा, एक भाषा' थोपने का अपना एजेंडा है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वर्क्ष्ड) के ड्राफ्ट नियमों को लेकर विपक्षी दलों का विरोध तेज हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कई विपक्षी नेताओं ने इसे लेकर केंद्र पह हमला बोलते हुए कहा कि वे राज्य सरकारों की सारी शक्ति अपने हाथ में लेना चाहते हैं।

**'इतिहास-संस्कृतियों और परंपराओं का उन्मूलन करना संघ का उद्देश्य'**- दिल्ली के जंतर-मंतर द्रमुक द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नियमों के मसौदे के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति पर यूजीसी के मसौदा नियम आरएसएस के एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश है। इसका उद्देश्य देश पर 'एक इतिहास, एक परंपरा, एक भाषा' थोपने का अपना एजेंडा है। राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का उद्देश्य देश के अन्य सभी इतिहास, संस्कृतियों और परंपराओं का उन्मूलन करना है। यूजीसी के मसौदा नियम इसका शुरूआती बिंदु हैं। वे यही हासिल करना चाहते हैं। यह एक तरह से संविधान पर खुले हमले की तरह है। अलग-अलग राज्यों की शिक्षा प्रणाली के साथ छेड़-छाड़ की जो कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि हर राज्य की अपनी परंपराएं अपना इतिहास और भाषा होती है।

शेष पेज 2 पर

# एडवांटेज असम 2.0:मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने लिया कामरूप में जिला स्तरीय कार्यशाला में भाग

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

**असम :** असम सरकार द्वारा 25 और 26 फरवरी को वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड, खानापारा में आयोजित होने वाले एडवांटेज असम 2.0 - निवेश और बुनियादी ढांचे के शिखर सम्मेलन के अनुरूप, आज कामरूप जिले के अमीनगांव स्थित गुवाहाटी बायोटेक पार्क में एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य सरकार के एक्ट ईस्ट पॉलिसी अफेयर्स आदि पर्यावरण एवं वन मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने कहा कि किसी क्षेत्र को औद्योगिक और वाणिज्यिक हब बनाने की पहली आवश्यकता बेहतर कनेक्टिविटी की है। असम में वर्तमान में बेहतर राजमार्ग, रेलवे, हवाई क्षेत्र और जलमार्ग सुविधाएं हैं। वर्तमान में, राज्य सरकार व्यापार क्षेत्र के विस्तार के लिए आवश्यक त्वरित इंटरनेट सेवाओं को कार्यात्मक बनाने में भी सफल रही है। आज मंत्री पटवारी ने कहा कि इसके कारण असम में निवेश और व्यापार के विकास की अपार संभावनाएं हैं। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एक्ट ईस्ट पॉलिसी के परिणामस्वरूप, असम हाल ही में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ-साथ बांग्लादेश, भूटान और नेपाल



के साथ संचार के केंद्रों में से एक बन गया है। इसलिए राज्य को औद्योगिक हब बनाकर असम में उत्पादित उत्पादों से इन पड़ोसी देशों के बाजार पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़ना होगा। अपने भाषण के संदर्भ में मंत्री ने कहा कि असम को आर्थिक रूप से मजबूत और समृद्ध राज्य बनाने के लिए राज्य भर में फैले छोटे और बहुत छोटे उद्यमों के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयास भी किए जाएंगे। उन्होंने अपने भाषण के संदर्भ में राज्य में कृषि, पर्यटन, नवीकरणीय ऊर्जा और हाइड्रोकार्बन, खाद्य प्रसंस्करण, हथकरघा आदि में निवेश की संभावनाओं के बारे में भी बताया। एडवांटेज असम 2.0 के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में



कामरूप के जिला आयुक्त देब कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें विभिन्न उद्योगपतियों, औद्योगिक निकायों, किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों, कामरूप, कामरूप सिटी, नलबाड़ी और गोलपारा जिलों के उद्यमियों ने भाग लिया। अपने स्वागत भाषण में, जिला आयुक्त ने राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निवेश के लिए असम में अवसरों और संभावनाओं के बारे में दुनिया को अवगत कराया और बताया कि असम को भारत का एक अग्रणी व्यवसाय और निवेश केंद्र बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा आयोजित एडवांटेज असम 2.0- निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन में भाग लेने से स्थानीय उद्यमी कैसे लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस सम्मेलन में भागीदारी के माध्यम से, उद्यमियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के निवेशकों द्वारा वर्तमान में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के बारे में पता चलेगा और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े फायदे और चुनौतियों, सरकारी नीतियों, व्यापार विस्तार के लिए उपलब्ध प्रोत्साहनों आदि के बारे में पता चलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सम्मेलन के विभिन्न सेमिनारों में भाग लेने से युवाओं को देश और दुनिया के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बातचीत करने, उनके साथ व्यापारिक संबंधों को सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ नई तकनीकों और नवीन प्रथाओं के बारे में जानने का अवसर मिलेगा जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। आज के कार्यक्रम में, जिला उद्योग और वाणिज्य केंद्र, कामरूप ने एडवांटेज असम 2.0 की वेबसाइट का दौरा किया और बताया कि इस सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक इच्छुक उद्यमी अपना नाम कैसे पंजीकृत कर सकते हैं। कार्यशाला में कामरूप जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के प्रधान निदेशक भार्गव शर्मा के अलावा गोवालपाड़ा, कामरूप महानगर , नलबाड़ी जिलों के जिला उद्योग और वाणिज्य केंद्रों के प्रधान निदेशक भी उपस्थित थे।

# पेज एक का शेष...

## अंबेडकर से कांग्रेस को नफरत मजबूरी में बोलना पड़ रहा जय भीम

पीएम मोदी ने कहा कि, हमारी सरकार ने एससी-एसटी एक्ट को मजबूत बनाकर दलित-आदिवासी समाज के प्रति सम्मान भी दिखाया, प्रतिबद्धता भी दिखाई। आज जातिवाद का जहर फैलाने के लिए भरपूर प्रयास हो रहा है।

आरक्षण पर पीएम मोदी -पीएम मोदी ने कहा कि आज जातिवाद के जहर फैलान के लिए भरपूर प्रयास हो रहा है। लेकिन तीन-तीन दशक दोनों सदन के ओबीसी एमपी और सभी दलों के ओबीसी एमपी सरकारों से मांग करते रहे थे कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए, ठुकरा दिया गया। इनकार किया गया क्योंकि शायद उस समय उनके राजनीति को ये सूट नहीं करता था। हम सबने मिलकर तीन-तीन दशक से मेरे ओबीसी समाज ने जिस बात की मांग की थी हमने आकर इस आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए इनका मान-सम्मान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। देश में जब-जब आरक्षण का विषय आया, उसको एक तंदुरुस्त तरीके से सत्य को स्वीकार करते हुए करने का प्रयास नहीं हुआ। दुश्मनी पैदा करने वाले तरीके अपनाए गए। पहली बार हमारी सरकार ने एक ऐसा मॉडल दिया कि हमने सामान्य वर्ग के गरीब को 10 फीसदी आरक्षण दिया, बिना तनाव के, बिना किसी का छीने। एससी-एसटी, ओबीसी ने भी इसका स्वागत किया। पूरे राष्ट्र ने इस बात को स्वीकार किया।

पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहब के प्रति कांग्रेस को कितनी नफरत थी, कितना गुस्सा था, इसके प्रमाण हैं। बाबा साहब को दो-दो बार चुनाव हराने के लिए क्या कुछ नहीं कहा गया। बाबा साहब को कभी भारत रत्न के योग्य नहीं समझा गया। इस देश के लोगों ने बाबा साहब की भावना का आदर किया, सर्व समाज ने किया। तब आज मजबूरन कांग्रेस को जय भीम बोलना पड़ रहा है। जय भीम बोलने में उनका मुंह सूख जाता है। ये कांग्रेस भी रंग बदलने में बड़ी माहिर लग रही है। कितनी तेजी से अपना नकाब बदल देते हैं, ये इसमें साफ-साफ नजर आ रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि, अब कांग्रेस का अध्ययन करेंगे तो इसकी राजनीति जैसे हमारा मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, वैसे ही उनका रहा दूसरे की लकीर छोटी करना। इसके कारण उन्होंने सरकारों को अस्थिर किया, किसी भी राजनीतिक दल की सरकार कहीं बनी तो उसे अस्थिर कर दिया। इसी काम में वो लगे रहे। यही उनकी नीतियों का परिणाम है कि आज कांग्रेस का ये हाल हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा के बाद जो कांग्रेस के साथ थे वो भी भाग रहे हैं। इसी का परिणाम है कि कांग्रेस का आज यह हाल हो गया है। देश की सबसे पुरानी पार्टी, आजादी के आंदोलन से जुड़ी पार्टी, इतनी दुर्दशा। अगर वे अपनी लकीर लंबी करने में मेहनत करने न तो इतनी दुर्दशा नहीं होती। बिना मांगे सलाह देता हूं, अपनी लकीर लंबा करने में मेहनत करेंगे तो देश कभी न कभी 10 मीटर दूर यहां आने का अवसर देगा।

बाबा साहब के सपने को पूरा करने का कार्य हमने मुद्रा योजना से किया- पीएम मोदी-पीएम मोदी ने कहा कि, हर समुदाय का सशक्तिकरण और बाबा साहब के सपने को पूरा करने का कार्य हमने मुद्रा योजना से किया है। जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसे मोदी पूजता है। गरीब वंचित का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। इस वर्ष के बजट में भी लेदर, फुटवियर इंडस्ट्री जैसे छोटे क्षेत्रों को हमने स्पर्श किया है जिसका लाभ गरीब-वंचित समाज को मिलने वाला है। खिलौने की बात करें, इस प्रकार के लोग ही इस काम में हैं। बहुत से लोगों को इस काम में मदद दी गई और इसका परिणाम ये है कि हम इसे इंपोर्ट करने की आदत में फंसे थे, आज हम तीन गुना एक्सपोर्ट कर रहे हैं। इसका फायदा गरीब लोगों को मिल रहा है। हमने मछुआरे साथियों के लिए अलग मंत्रालय बनाया और केसीसी के सारे बेनिफिट्स भी दिए। मत्स्य उत्पादन बढ़ा है।

'कांग्रेस ने फ्रीडम ऑफ स्पीच को कुचला'-कांग्रेस ने आजादी के तुरंत बाद ही उनकी भावनाओं की धज्जियां उड़ा दी थीं। जब देश में चुनी गई सरकार नहीं थी, तब जो बैठे थे महाशय, उन्होंने संविधान में संशोधन कर दिया आते ही। चुनी हुई सरकार आने तक का भी इंतजार नहीं किया। उन्होंने, फ्रीडम ऑफ स्पीच को कुचला। अखबारों पर लगाम लगाई और डेमोक्रेट का टैग लगाकर घूमते रहे दुनिया में। ये संविधान की भावना का पूरी तरह अनादर था। नेहरू जी प्रधानमंत्री थे, पहली सरकार थी और मुंबई में मजदूरों की एक हड़ताल हुई। उसमें मजरूह सुल्तानपुरी ने एक कविता गाई थी, कॉमनवेल्थ का दास है, इसके जुर्म में नेहरू जी ने उन्हें जेल भेज दिया। बलराज साहनी एक जुलूस में शामिल हुए थे, उन्हें जेल में बंद कर दिया गया था। लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर ने वीर सावरकर पर एक कविता आकाशवाणी पर प्रसारित करने की योजना बनाई, उन्हें आकाशवाणी से बाहर कर दिया गया। देश ने इमरजेंसी का दौर भी देखा है। देवानंद ने इमरजेंसी को सपोर्ट नहीं किया तो उनकी फिल्में बैन करा दीं।

नेता प्रतिपक्ष खरगे पर पीएम मोदी ने कसा तंज-नेता प्रतिपक्ष खरगे पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि माननीय खरगे जी आपके सामने शेर सुनाते रहते हैं और सभापति जी, आप भी बड़ा मजा लेते रहते हैं। एक शेर मैंने भी कहीं पढ़ा था कि खरगे जी कविताएं पढ़ रहे थे और जो बातें बता रहे थे, आपने भी पूछ लिया था कि जरा बताओ। खरगे जी ने सोचा होगा कि वहां बोल नहीं सकते, ये अच्छा मंच है, यहीं बोल दें। खरगे जी को आज नीरज जी की ही कुछ पंक्तियां सुनाना चाहता हूं। कांग्रेस सरकार का दौर था, उसी समय नीरज जी ने ये कविताएं लिखी थीं। नीरज ने कहा था 'है बहुत अंधियारा, अब सूरज निकलना चाहिए...' हम 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफल रहे हैं। 1970 में जब कांग्रेस का राज चलता था। उस समय नीरज जी का एक कविता संग्रह प्रकाशित हुआ था- फिर दीप जलेगा। उसमें उन्होंने कहा था कि मेरे देश उदास न हो, फिर दीप जलेगा, तिमिर ढलेगा। हमारे प्रेरणा पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भी कहा था- कमल खिलेगा।

## एक ही दुकान में मिल सकेंगी बियर, देशी और अंग्रेजी शराब

**अब 60 और 90 एमएल में भी मिलेगी विदेशी मदिरा-** कैबिनेट की बैठक में बुधवार को आबकारी नीति को मंजूरी मिल गई। इसके तहत मॉल्स के मल्टीप्लेक्स एरिया में प्रीमियम ब्रांड की दुकानें खोलने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि सक्षम स्तर से अनापत्ति मिलने पर हवाई अड्डों, मेट्रो व रेलवे स्टेशनों पर मुख्य भवन में प्रीमियम रिटेल की दुकानें अनुमन्य होंगी। इनका मुख्य द्वार भवन के अंदर होने की बाध्यता खत्म कर दी गई है। वहीं, पहली बार विदेशी मदिरा की 60 एमएल और 90 एमएल की बोतलों की बिक्री की अनुमति भी दी गई है।

वैयक्तिक होम लाइसेंस का सरलीकरण-निजी प्रयोग के लिए निर्धारित फुटकर सीमा से अधिक मदिरा क्रय, परिवहन एवं निजी कब्जे में रखने के लिए वैयक्तिक होम लाइसेंस की व्यवस्था सरल की गई है। लाइसेंस के लिए सालाना फीस 11 हजार रुपये और सिक्योरिटी 11 हजार रुपये होगी। लाइसेंस उन लोगों को ही मिलेगा, जो तीन वर्ष से लगातार आयकरदाता होंगे। उन्हें अपना आयकर रिटर्न भी दाखिल करना होगा। इसमें न्यूनतम दो वर्षों में आवेदक द्वारा न्यूनतम 20 प्रतिशत श्रेणी में आयकर का भुगतान किया गया हो। यदि कृषि आय से 20 प्रतिशत आयकर के स्लैब में आने के बावजूद किसी आवेदक पर कर की देयता नहीं बनती हो, तब ऐसा आवेदक भी लाइसेंस के लिए अर्ह होगा।

एसेप्टिक ब्रिक पैक में मिलेगी देशी मदिरा-नई नीति में देशी मदिरा एसेप्टिक ब्रिक पैक में बिक्री के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इसका इस्तेमाल करने से शराब में मिलावट होने की आशंका खत्म होती है।

## चुनावी नतीजों से पहले आप का दावा हमारे सात विधायकों को भाजपा ने किया फोन, 15 करोड़ देने की पेशकश की

अगर कोई उनसे मिले तो छुपे कैमरे से उसका वीडियो बना लें। बीजेपी ने वोटों की गिनती से पहले ही अपनी हार मान ली है और देश के बाकी हिस्सों की तरह दिल्ली में भी बीजेपी ने पार्टियों को तोड़ने की राजनीति शुरू कर दी है। वहीं, आप नेता सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को कहा कि एग्जिट पोल की उम्र सिर्फ एक दिन है, फिर असली नतीजे घोषित होंगे और अरविंद केजरीवाल आप के नेतृत्व वाली सरकार के मुख्यमंत्री होंगे।

उन्होंने कहा कि अगर बीजेपी एग्जिट पोल से खुश है तो उन्हें एग्जिट पोल के आधार पर अपनी सरकार बनानी चाहिए, उन्हें सीएम और कुछ मंत्री बनाने चाहिए। इन एग्जिट पोल की उम्र सिर्फ एक दिन है - फिर असली नतीजे घोषित होंगे, अरविंद केजरीवाल सीएम होंगे और अअढ सरकार बनाएगी। भारद्वाज ने आगे दावा किया कि चुनाव आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाएं जो कभी देश में मौजूद थीं, अब स्पष्ट रूप से सरकार के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि ये संस्थाएं अब ज्यादातर भाजपा के विभागों की तरह काम करती हैं। इससे हमारी लोकतांत्रिक जड़ें कमजोर हुई हैं। आप सांसद मालविंदर सिंह कांग ने भरोसा जताया और कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी को चुनेगी। उन्होंने कहा कि पहले दिन से हमने अरविंद केजरीवाल के 10 साल के काम के आधार पर चुनाव लड़ा।

## निर्वासितों के साथ दुर्व्यवहार न हो, इसके लिए ट्रंप सरकार के संपर्क में

निर्वासितों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर कानून प्रवर्तन एजेंसियां एजेंटों और ऐसी एजेंसियों के खिलाफ आवश्यक, निवारक और अनुकरणीय कार्रवाई करेंगी।'

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहे पाए जाते हैं तो वे अपने नागरिकों को वापस लें। यह नीति केवल एक देश पर लागू नहीं है। निर्वासन की प्रक्रिया कोई नई नहीं है, यह कई वर्षों से है।

जयशंकर ने कहा, 'अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वापस लौटने वाले प्रत्येक व्यक्ति (अमेरिका से निर्वासित भारतीय) के साथ बैठें और पता लगाएं कि वे अमेरिका कैसे गए, एजेंट कौन था और हम कैसे सावधानी बरतें ताकि यह फिर न हो। कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के सवाल का जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, 'हम जानते हैं कि कल 104 लोग वापस आए हैं। हमने ही उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि की है। हमें ऐसा नहीं समझना चाहिए कि यह कोई नया मुद्दा है। यह एक ऐसा मुद्दा है जो पहले भी होता रहा है। कानूनी गतिशीलता को प्रोत्साहित करना और अवैध आवागमन को हतोत्साहित करना हमारे सामूहिक हित में है। सभी देशों का यह दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहे पाए जाते हैं तो उन्हें वापस ले लिया जाए। निर्वासन की प्रक्रिया कोई नई नहीं है।'

जयशंकर ने अमेरिका से अब तक भारत निर्वासित किए गए लोगों के आंकड़े भी सदन के सामने रखे। उन्होंने कहा कि साल 2009 में 734, साल 2010 में 799, साल 2011 में 597, साल 2012 में 530 भारतीयों को निर्वासित किया गया। उन्होंने इस संबंध में 2024 तक के आंकड़े साझा किए।

क्या है मामला?-दरअसल, अमेरिका में कथित तौर पर बिना दस्तावेजों के रह रहे भारतीयों को निर्वासित किए जाने के मुद्दे पर गुरुवार को संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने हंगामा किया। इससे पहले अमेरिकी सेना का एक विमान बुधवार को अमेरिका में कथित तौर पर बिना दस्तावेजों के रह रहे भारतीयों को लेकर अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा था।

डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद से ये अमेरिका में रह रहे भारतीयों का पहला निर्वासन है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापक वार्ता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी वॉशिंगटन यात्रा से कुछ ही दिन पहले यह कार्रवाई हुई है।

निर्वासित लोगों में से 30 पंजाब से, 33-33 हरियाणा और गुजरात से, तीन-तीन महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से तथा दो चंडीगढ़ से हैं। निर्वासित किए गए लोगों में 19 महिलाएं और चार वर्षीय एक लड़का, पांच व सात वर्षीय दो लड़कियों सहित 13 नाबालिग शामिल हैं।

## कार और रोडवेज बस की भिड़ंत में सात लोगों की मौत, टायर फटने से बेकाबू बस ने कार को मारी टक्कर

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने में मदद की। हालांकि, टक्कर इतनी भीषण थी कि किसी को बचाया नहीं जा सका। मोखमपुरा थाना पुलिस ने बताया, मृतकों की शिनाख्त की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण कार का टायर फटना और तेज रफ्तार माना जा रहा है।

## यूजीसी नियमों के मसौदे के विरोध में उतरे राहुल

मैं हमेशा कहता हूं कि संविधान में, भारत को 'राज्यों का संघ' कहा जाता है, इसका मतलब है कि ये सभी इतिहास, परंपराएं, भाषाएं एक साथ मिलकर भारत को राज्यों का संघ बनाती हैं और इसलिए हमें इसके बारे में इसी तरह सोचना होगा। हमें सभी भाषाओं, सभी संस्कृतियों, सभी परंपराओं, सभी इतिहासों का सम्मान करना होगा और हमें समझना होगा कि वे कहां से आ रहे हैं।

अखिलेश यादव ने भी कसा तंज-समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी भाजपा-आरएसएस पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वे राज्य सरकारों की सारी शक्ति अपने हाथ में लेना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि वे राजनेताओं को उद्योगपतियों का नौकर बनाना चाहते हैं। हम कभी भी नई शिक्षा नीति का समर्थन नहीं कर सकते।

बेंगलुरू में छह राज्यों के उच्च शिक्षा मंत्रियों का हुआ था सम्मेलन - बता दें कि कांग्रेस ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति पर यूजीसी नियमों के मसौदे को संविधान विरोधी करार दिया है। साथ ही पार्टी ने मांग की है कि इन्हें तुरंत वापस लिया जाए। कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा था कि कर्नाटक के बेंगलुरू में छह राज्यों के उच्च शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन हुआ था। इसमें कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और झारखंड (सभी विपक्ष शासित राज्यों) के छह मंत्रियों या उनके प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इन नेताओं ने यूजीसी के मसौदा नियमों पर 15 सूत्री प्रस्ताव अपनाया था।

उन्होंने कहा था कि संघवाद का संवैधानिक सिद्धांत पवित्र है और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतिम प्रयासों में से एक होनी चाहिए। रमेश ने जोर देकर कहा था कि इन मसौदा नियमों को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

दक्षिण के कुछ राज्य इसके विरोध में क्यों? -दक्षिण के गैर भाजपाई राज्यों खास तौर पर तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक यूजीसी के मसौदा नियमों के खिलाफ हैं। उनता तर्क है कि ये नियम राज्य की स्वायत्तता को कम करते हैं। उनका दावा है कि नियम विश्वविद्यालय प्रशासन पर राज्य सरकार के प्रभाव को कम करते हैं, खास तौर पर कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर उनका विरोध है। बता दें कि इस समय कुलपति की नियुक्ति में राज्य सरकारों की भी अहम भूमिका होती है, लेकिन नए नियमों में यह शक्ति केंद्रीय प्राधिकरण को दी गई है।

इसके अलावा विरोधी राज्यों की एक और चिंता यह है कि नए नियम संघवाद के मूल ढांचे के खिलाफ हैं। यूजीजी मसौदा नियमों के विरोध में उतरे राज्यों का तर्क है कि मसौदा नियम सहकारी संघवाद की भावना का उल्लंघन करते हैं , क्योंकि वे निर्णय लेने को केंद्रीकृत करते हैं। वहीं, कर्नाटक का डर है कि नये नियमों के जरिये क्षेत्रीय शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने वाली राज्य-विशिष्ट नीतियों को कमजोर किया जा रहा है ।

## क्या एच5एन1 बढ़ते संक्रामक रोग के कारण आने वाली है नई महामारी?

वायरस के एक नए वैरिएंट को लेकर चिंता-वायरस के नए वैरिएंट की प्रकृति को लेकर चिंता जताते हुए कहा गया कि जिस तरह से इस वायरस का प्रसार है, ऐसे में इसके जानवरों तथा उनके साथ काम करने वाले लोगों में संक्रमण को नियंत्रित करना कठिन हो सकता है। चूंकि ये वायरस मवेशियों-कच्चे दूध में भी पाया गया है ऐसे में आशंका है कि इसके कारण गंभीर खतरे उत्पन्न हो सकते हैं।

यूएस स्थित सेंट ज्यूड चिल्ड्रेंस रिसर्च हॉस्पिटल के इन्फ्लूएंजा विशेषज्ञ रिचर्ड वेबी ने कहा, हमें हमेशा यही लगता था कि पक्षी से गाय में संक्रमण एक बहुत ही दुर्लभ घटना है। अब ये इंसानों को भी प्रभावित करता हुआ देखा जा रहा है। अब हम जान गए हैं कि संक्रमण की टेस्टिंग करना और परीक्षण जारी रखना वास्तव में क्यों महत्वपूर्ण है? यह बड़ा सवाल बना हुआ है कि क्या हम एक नई महामारी की तरफ बढ़ रहे हैं?

दुनियाभर में बढ़ती इस संक्रामक बीमारी से बचाव को लेकर भारतीय विशेषज्ञों ने तैयारी भी शुरू कर दी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के विशेषज्ञों की टीम बर्ड फ्लू वायरस के खिलाफ एक स्वदेशी वैक्सीन विकसित करने पर काम कर रही है। भारत की स्वास्थ्य अनुसंधान की शीर्ष एजेंसी के अनुसार, पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में वायरस के स्ट्रेन उपलब्ध हैं। अब आईसीएमआर इस वैक्सीन को बनाने के लिए अन्य कंपनियों के साथ सहयोग करने पर विचार कर रही है।

आईसीएमआर ने कहा, इंसानों में एच5एन1 संक्रमण के कारण मृत्यु दर बहुत अधिक है, 50% से अधिक लोगों की संक्रमण से मौत हो सकती है। हालांकि इंसानों में मामले काफी दुर्लभ हैं और आमतौर पर संक्रमित पक्षियों के सीधे संपर्क में आने से होते हैं। इसके लक्षण बुखार और सांस लेने में तकलीफ से लेकर कई अंगों के फेलियर तक हो सकते हैं।

अब तक इस खतरनाक संक्रमण से बचाव को लेकर कोई मान्यता प्राप्त वैक्सीन या लक्षित उपचार उपलब्ध नहीं है। संक्रमण के बढ़ते मामलों और संभावित महामारी के जोखिमों ने लोगों की चिंता और वैक्सीन की आवश्यकता दोनों को बढ़ा दिया है।

# कड़ी मेहनत के चलते बच्चे लक्ष्य भेदने के लिए तैयार-के के

## मिस्टर फेयरवेल प्रिंस शर्मा व वंशिका कश्यप बनी मिस फेयरवेल

## डिवाइन ग्लोबल एकेडमी में कक्षा 12 के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बड़ौत/बागपत- डिवाइन ग्लोबल एकेडमी में 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य के के त्यागी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कक्षा 11 के छात्रों ने अपने वरिष्टों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ' संगीत, नृत्य और विभिन्न प्रकार के गेम्स हास्य नाटिका ने सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। प्रधानाचार्य के के त्यागी ने



बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए देते हुए कहा कि हमारे सभी बच्चे होनहार हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि ये सब अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं बस थोड़ी सी मेहनत की आवश्यकता है ' विद्यार्थियों ने अपनी यादें ताजा करते हुए शिक्षकों और विद्यालय के प्रति अपना आभार प्रकट किया जो सभी के लिए भावुक और प्रेरणादायक था। 11वीं कक्षा के छात्रों ने अनेक खेल भी प्रस्तुत किए तथा। मिस्टर और मिस्टर फेयरवेल के चुनाव में प्रिंस शर्मा और वंशिका कश्यप ने मिस फेयरवेल का खिताब जीता ' शिक्षकों ने सभी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सभी छात्रों को समृति चिह्न प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन शिवांशी और विधु ने किया। इस अवसर पर बृजेश तोमर, राखी शर्मा,प्रीति शर्मा, स्वाति तोमर, ऊमा तोमर, बीना पालीवाल, प्रदीप त्यागी, अमित जांगिड़, हरेंद्र सिँह आदि का पूर्ण सहयोग रहा '

# एमआईईटी स्कूल पल्लवपुरम में छात्रों ने दिखाया टैलेंट

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मेरठ। पल्लवपुरम स्थित एमआईईटी पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन विष्णु शरण, स्कूल निदेशक अजय बंसल, प्रधानाचार्या नवनीत चड्ढा एवं डॉ. सिल्की वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रधानाचार्या ने अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया।



विद्यालय निदेशक अजय बंसल ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि कक्षा प्रस्तुति विद्यार्थियों की शैक्षिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक चरण है, जो उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ करता है।

कार्यक्रम में समूह गान, वाद्य यंत्रों की संगत एवं हनुमान चालीसा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जबकि सोशल मीडिया थीम पर आधारित लघु नाटक ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

विद्यालय प्रधानाचार्या नवनीत चड्ढा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के बच्चे देश का भविष्य हैं, और उनके समुचित मार्गदर्शन की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। अंत में कक्षा अध्यापिका शैलजा मल्होत्रा एवं आस्था शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संविदाकर्मियों की छंटनी से कर्मचारियों में उबाल

# लखनऊ में 19 जिलों के बिजलीकर्मी धरने पर बैठे



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

लखनऊ। संविदा कर्मियों की छंटनी के विरोध में लखनऊ में कर्मियों ने प्रदर्शन किया। मध्यांचल निगम मुख्यालय पर 19 जिलों के बिजलीकर्मी धरने पर बैठे।

राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को लखनऊ समेत 19 जिलों के संविदा बिजली कर्मियों ने छंटनी के विरोध में धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 55 साल की उम्र पूरी करने वाले जिन संविदा कर्मियों की छंटनी की गई, उनको वापस लेकर आदेश को निरस्त करने की आवाज उठाई।

गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय के गेट पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए संघ के महासचिव देवेंद कुमार पांडेय ने कहा कि एमडी के द्वारा कार्यक्षेत्र में मानक से कम कर्मचारियों को तैनाती, तैनात कर्मचारियों में से 40 फीसदी की छंटनी एवं 55 साल की उम्र पूरी करने वालों को संविदा सेवा से हटाने का कर्मचारी विरोधी कार्य किया गया है।

निष्कासन के विरोध में आंदोलन शुरू- उन्होंने कहा कि संविदा कर्मियों से मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण के बिना 8 घंटे 26 दिन के स्थान पर 12 घंटे 30 दिन कार्य कराया जा रहा है। इससे कर्मचारी आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मियों की छंटनी एवं निष्कासन के विरोध में आंदोलन शुरू हो चुका है।

**इन जिलों के कर्मी शामिल हुए**

कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होगीं तब कई चरण में धरना, प्रदर्शन एवं घेराव होगा। प्रदर्शन में लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर आदि जिलों के संविदा कर्मचारी शामिल हुए।

# हाईवे पर खड़े गैस टैंकर से टकराई कार, एक श्रद्धालु की मौत... तीन बच्चों सहित छह अन्य घायल



अमेठी9अमेठी में हाईवे पर खड़े गैस टैंकर से कार टकरा गई। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत की मौत हो गई। जबकि तीन बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए।

यूपी के अमेठी में हाईवे किनारे खड़े वाहन जानलेवा साबित हो रहे हैं। बृहस्पतिवार को भी महाकुंभ स्नान कर अयोध्या धाम जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक कार हाईवे किनारे खड़े गैस टैंकर से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन बच्चों सहित छह अन्य घायल हो गए।

हैदराबाद के तेलंगाना जिले के मेरचल निवासी लांस्या (10), कन्याया (8), अमलू (12) , संध्या (32), सुमनलता (30), तिकपती (35), रवींद्र कुमार (32) कार से दर्शन के लिए निकले थे। बुधवार को सभी प्रयागराज के बाद अयोध्या धाम कार से जा रहे थे।

रास्ते में अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर स्थित पीपरपुर स्टेशन मोड़ के पास बुधवार रात खड़े गैस के टैंकर से कार टकरा गई। हादसे में सभी घायल हो गए। चीख-पुकार पर एकत्र लोगों ने कार से घायलों को बाहर निकाल सीएचसी भादर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को सुल्तानपुर स्थित ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। सुल्तानपुर ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान रवींद्र की मौत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा ने रवींद्र के मौत होने की पुष्टि करते हुए बताया की अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज होगा। गैस टैंकर व क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया गया है।

# घायल कार्यकर्ता का हाल जानने अस्पताल पहुंचे भाजपा नेता, सपा कार्यकताओं ने किया था हमला... लखनऊ रेफर

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

अयोध्या । अयोध्या में घायल कार्यकर्ता का हाल जानने अस्पताल भाजपा नेता पहुंचे। सपा कार्यकताओं ने हमला किया था। गंभीर हालत में लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है।

यूपी के अयोध्या में घायल भाजपा कार्यकर्ता बब्बन तिवारी का हाल जानने पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू व पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय समेत अन्य भाजपा नेता जिला अस्पताल पहुंचे। बब्बन लखनऊ से लौटते समय अपने किसी रिश्तेदार से मिलने के लिए खंडासा गए हुए थे। यहां सपा के कुछ कार्यकताओं ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में उनका जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने इलाज किया। इसके बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया।

मुलाकात के बाद पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता अपने रिश्तेदारी में गए थे। जब वहां से वह वापस जा रहे थे तो रास्ते में सपा के कार्यकताओं ने हमला कर दिया। इन्हें बुरी तरह से पीटा, जिससे इन्हें काफी चोट आई है। प्रशासन मामले में सख्त कार्रवाई कर रहा है। डबल इंजन की सरकार में अपराध व अपराधियों का कोई स्थान नहीं है।

पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि मारपीट में घायल बब्बन तिवारी



गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के हैदरगंज के निवासी हैं। इनकी सपा के लोगों ने पिटाई की है। घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सपा भारी मतों से चुनाव हार रही है। अपनी हार की हताशा को छिपाने के लिए सपाई अराजकता फैला रहे हैं। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि सपा का स्वभाव अराजकता का रहा है। समाज में भय व्याप्त करना व लोगों को गुमराह करना उनकी पुरानी आदत है। भाजपा की सरकार में किसी भी प्रकार के अपराध करने वाले बक्शा नहीं जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल ने कहा कि चुनाव में अराजकता फैलाना सपा का पुराना इतिहास रहा है। पूरे मामले में ऐसी कार्रवाई होगी, जो नजीर बनेगी। इस अवसर पर कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू, सुनील तिवारी शास्त्री, परमानंद मिश्र, गिरीश पांडेय डिप्पुल, करुणाकर पाण्डेय व पवन तिवारी मौजूद रहे।

# नेपाल से भारत में कर रहे थे चरस की तस्करी, दो तस्कर गिरफ्तार, 20 लाख का माल बरामद

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बलरामपुर। आरोपी नेपाल से भारत में चरस की तस्करी कर रहे थे। बलरामपुर में पुलिस ने दो तस्कर गिरफ्तार किए। इनके कब्जे से 20 लाख का माल बरामद हुआ है।

यूपी के बलरामपुर में पुलिस ने नेपाल से की जा रही चरस की तस्करी का खुलासा किया है। सीमावर्ती बरदौलिया गांव के पास पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने बाइक सवार दो तस्करों को 20 लाख रुपये कीमत की तीन किलो 115 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। एसपी विकास कुमार ने बताया कि एक बाइक और दो मोबाइल भी मिले हैं। उन्होंने बताया कि तस्करी के मामले की जांच भी कराई जा रही है। एसएसबी की 9वीं बटालियन के उपनिरीक्षक अंबाटी सागर ने थाने पर बुधवार रात तस्करी की सूचना दी। संयुक्त टीम ने बरदौलिया के पास जांच शुरू की। इसी दौरान नेपाल की तरफ से एक बाइक पर दो व्यक्ति आते दिखे।

**अंधेरे में भागने का प्रयास किया**

अचानक बाइक सवार ने अपनी गाड़ी की लाइट




बुझाकर अंधेरे में भागने का प्रयास किया। उन्हें घेरकर रोका गया और पूछताछ की गई। एसपी ने बताया कि लल्लन निवासी ग्राम अकबरपुर थाना ललिया व पीछे बैठे जितेंद्र कुमार उर्फ कमला प्रसाद निवासी ग्राम मेड़ईडीह थाना ललिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाइक की डिकी देखी तो उसमें तीन किलो 115 ग्राम चरस बरामद हुई। चार सफेद पारदर्शी पन्नी में भूरे रंग का चरस था। हरैया पुलिस ने मादक पदार्थ विशेषज्ञ स्वान मालकम से जांच कराई गई तो विशेषज्ञ ने चरस होने की पुष्टि की। इसके बाद इलेक्ट्रानिक तराजू से उसका वजन किया गया। एसपी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसकी विस्तृत जांच होगी, साथ ही सीमावर्ती गांवों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

**ग्राहक तय करके नेपाल से लाते थे चरस**

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पता लगा है कि आरोपी नेपाल से चरस को सस्ते दामों में लेकर उसे भारत में लाकर ऊंचे दामों पर बेचते है, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी होती है। तस्करी के पहले वह लोग ग्राहक तलाश लेते हैं। इसके बाद ही उतनी ही सामग्री नेपाल से लाते हैं और मुख्य ग्राहकों को बेच देते हैं। पूछताछ में महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस के हाथ लगी है। बताया जा रहा है कि नशे के इस कारोबार में कई जिलों के लोग शामिल हैं।

**अयोध्या:** अयोध्या: बदले समय से खुलना शुरू हुआ राम मंदिर

# सिर्फ 15 मिनट को पट हुए बंद, आठ लाख से ज्यादा पहुंचे रामनगरी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

अयोध्या । राम मंदिर खुलने का समय आज से बदल गया है। राममंदिर में बृहस्पतिवार से दर्शन की नई समय सारिणी लागू हो गई है, दर्शन सुबह छह बजे से शुरू होना था लेकिन दर्शन के लिए रामजन्मभूमि पथ पर सुबह 4:30 बजे से ही कतार लग गई थी।

रामनगरी में श्रद्धालुओं का सागर सरयू के समानांतर ही निरंतर प्रवाहित हो रहा है। अनुमान लगाया जा रहा था कि भीड़ अब कुछ कम होगी लेकिन प्रयागराज के श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह अविराम जारी है। बृहस्पतिवार को आठ लाख से अधिक श्रद्धालु रामनगरी पहुंचे। राममंदिर में बृहस्पतिवार से दर्शन की नई समय सारिणी लागू हो गई है, दर्शन सुबह छह बजे से शुरू होने थे लेकिन दर्शन के लिए रामजन्मभूमि पथ पर सुबह 4:30 बजे से ही कतार लग गई थी।

बहुत सारे श्रद्धालुओं को दर्शन की समय अवधि में बदलाव की जानकारी नहीं थी। जिसके कारण श्रद्धालु डेढ़ घंटे पहले ही कतारबद्ध हो गए। बृहस्पतिवार को राममंदिर सुबह छह बजे से रात 10:30 बजे तक खुला। जो श्रद्धालु मंदिर परिसर



में पहुंच गए थे उन्हें दर्शन कराया गया। दोपहर आरती के दौरान भी मंदिर का पट खुला रहा, श्रद्धालु आरती के साक्षी बने। शाम सात बजे संध्या आरती के दौरान राममंदिर का पट 15 मिनट के लिए बंद रहा इसके बाद दर्शन लगातार जारी रहा। रात नौ बजे तक राममंदिर में श्रद्धालुओं को प्रवेश मिला।

रात 10 बजे शयन आरती के बाद मंदिर बंद किया गया। वहीं प्रशासन का कहना है कि यदि भीड़ लगातार आती रही तो फिर से रामलला के दर्शन की अवधि बढ़ानी पड़ेगी। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार उमड़ रही है। बृहस्पतिवार को भी ढ़ाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। वीआईपी दर्शन के पास एक दिन पहले ही फुल हो जा रहे हैं। दर्शन के समय में बदलाव किया गया है लेकिन भीड़ कम नहीं हो रही है। श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के इंतजाम किए गए हैं।

**स्कूल खुला, बंदिशों से परेशान हुए अभिभावक**

एक सप्ताह बाद बृहस्पतिवार को अयोध्याधाम के स्कूल तो खुल गए लेकिन बंदिशें बरकरार होने की वजह से अभिभावकों व बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा। टेढ़ी बाजार से लता चौक तक रामपथ पर बैरीकेडिंग अभी हटाई नहीं गई है। टेढ़ीबाजार से चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहा। बच्चों को स्कूल छोड़ने फिर वापस लाने में अभिभावकों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। स्कूल ड्रेस में होने व आईडी दिखाने के बाद भी कई बैरियर पर सुरक्षाकर्मी अभिभावकों को रोकते रहे। स्कूली वाहन भी रामपथ पर नहीं चल पा रहे हैं, जिससे बच्चों को स्कूल पहुंचने में दिक्कत हो रही है।

सीमा आचारी ने बताया कि उनके बच्चे जिंगलबेल स्कूल में पढ़ते हैं। बृहस्पतिवार को घर से स्कूल छोड़ने के लिए निकले तो हनुमानगढ़ी तिराहे से ही आगे बढ़ने में परेशानी हुई। टेढ़ीबाजार से लौटते समय प्रवेश नहीं मिला, यलोजोन का पास होने के बावजूद नहीं जाने दिया गया। आने-जाने की जहमत से बचने के लिए फैजाबाद में ही चार घंटे गुजारे।

अश्वनी गुप्ता ने बताया कि बंदिशों के चलते टेढ़ीबाजार से लता चौक तक स्कूली वाहन भी नहीं आ-जा पा रहे हैं। ऐसे में स्कूल खोलने का क्या फायदा। प्रशासन को स्कूल तब तक बंद रखना चाहिए जब तक बंदिशों से राहत नहीं दी जाती। बाबू चंद ने कहा कि जगह-जगह बैरीकेडिंग लगाकर जेल बना दिया गया है। स्कूल तक बच्चों को पहुंचाने में अभिभावकों को जगह-जगह सुरक्षाकर्मियों से नोंक-झोक करनी पड़ रही है।

संपादकीय

# बिना धूम्रपान के भी बढ़ा फेफड़ों का कैंसर

देश की लगातार खराब होती आबोहवा के बावजूद वायु प्रदूषण व्यापक राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा न बन पाना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विडंबना यह है कि जन स्वास्थ्य से जुड़ा यह मुद्दा न तो चुनावी घोषणा पत्रों में नजर आता है और न ही नीति-नियंता ही इस विषय पर संवेदनशील नजर आते हैं। नागरिकों के स्तर पर भी हम वह जागरूकता नहीं ला पाए हैं, जिससे वे जनप्रतिनिधियों को वायु प्रदूषण रोकने के लिये कारगर नीति बनाने के लिये बाध्य कर सकें। हाल ही में सामने आए एक शोध का वह निष्कर्ष चौंकाने वाला है कि दक्षिण-पूर्व एशिया में धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़े के कैंसर के मामलों में खासी तेजी आई है। एक नया अध्ययन बताता है कि इस संकट की मूल वजह वायु प्रदूषण ही है। हाल ही में ह्यलैंसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन जर्नलह्न में प्रकाशित अध्ययन में खुलासा किया गया है कि साल 2022 में पच्चीस लाख लोगों में इस बीमारी का पता चला था। हालांकि, इस कैंसर का शिकार होने वालों में ज्यादा संख्या पुरुषों की थी लेकिन महिलाओं की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई। वहीं दूसरी ओर विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी यानी आईएआरसी समेत कई अन्य संगठनों के शोधकताओं ने डेटा विश्लेषण के बाद निष्कर्ष दिया कि एडेनोकार्सिनोमा पुरुषों और महिलाओं में कैंसर का एक मुख्य कारक बनता जा रहा है। यानी ऐसा कैंसर जो बलगम और पाचन में मदद करने वाले तरल पदार्थ उत्पन्न करने वाली ग्रंथियों से शुरू होता है। वर्ष 2022 में दुनिया भर में कभी धूम्रपान न करने वाले लोगों के फेफड़ों के कैंसर के 53 से 70 फीसदी मामले इसी कारक की वजह से सामने आए हैं। यह विडंबना ही है कि जहां एक ओर दुनिया में धूम्रपान का प्रचलन कम होता जा रहा है, लेकिन उसके बावजूद धूम्रपान न करने वालों के फेफड़ों में कैंसर का अनुपात बढ़ रहा है। जो कैंसर से संबंधित मृत्यु का पांचवां प्रमुख कारण माना जाता है। निश्चित रूप से दुनिया भर में व्याप्त वायु प्रदूषण के संकट से निबटने के लिये सामूहिक प्रयास व सत्ताधीशों की सक्रियता नजर नहीं आती। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की साल 2024 में आई एक रिपोर्ट में पूरी दुनिया में 81 लाख लोगों के वायु प्रदूषण से मरने का आंकड़ा सामने आया था। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अकेले भारत में इक्कीस लाख मौतें वायु प्रदूषण जनित विभिन्न बीमारियों से होने की आशंका है। देश की राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत विभिन्न बड़े शहरों में वायु प्रदूषण के चिंताजनक आंकड़े अकसर सामने आते रहते हैं। यहां तक कि कई बार देश की शीर्ष अदालत दिल्ली को गैस चेंबर बनाने का आक्षेप लगाती रही है। लेकिन जब वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है तो विभिन्न ग्रैप मानकों के अंतर्गत कार्रवाई फौरी तौर पर की जाती है। इसके बावजूद सूक्ष्म कणों यानी पीएम 2.5 का स्तर लगातार बढ़ता ही रहता है। सत्ताधीश इसके लिये पराली जलाने वाले किसानों को जिम्मेदार बताकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं। हाल में आए एक अध्ययन में बताया गया है कि अक्तूबर-नवंबर में दिल्ली व एनसीआर में होने वाला ज्यादातर प्रदूषण काफी हद तक स्थानीय कारणों से उत्पन्न होता है। आकाश परियोजना के तहत जापान के एक शोध संस्थान द्वारा कराया गया एक अध्ययन शोध पत्रिका ह्यएनपीजे क्लाइमेट एंड एटमॉस्फेरिक साइंसह्न में प्रकाशित हुआ है। जिसमें वर्ष 2022 और 2023 के सितंबर से नवंबर महीनों के दौरान दर्ज किए गए अति सूक्ष्म कणों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। जिसके अंतर्गत पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में तीस सेंसर लगाए गए थे। अध्ययन बताता है कि सूक्ष्म कणों यानी पीएम-2.5 के समग्र स्तर में केवल 14 फीसदी योगदान पराली जलाने के मामलों का था। हालांकि, अध्ययन ने माना कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले ग्रैप की प्रभावशीलता नजर आई है। निश्चित रूप से स्वच्छ वायु के लिए सामाजिक परिवर्तनों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। साथ ही स्थानीय प्रदूषण के कारणों की सख्त निगरानी की भी जरूरत है।

# अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी जुड़े सवाल

**हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं।**

डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए। सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर



समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है, उस पर प्रश्न टंकने स्वाभाविक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग एवं चर्चा का विषय बनाती हैं। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास करते हुए ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही हटी, अहंकारी एवं तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने से दोनों देशों के संबंधों के आहत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इस तरह होने वाली कमाई से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

भारतीयों का विदेशों में बढ़ता पलायन और विशेषतः डंकी रूट से विदेश जाने की होड भारत के विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह सरकार की विफलता ही है कि वह अपने युवाओं को उचित नौकरी नहीं दे पा रही है। इसी कारण अमेरिका जैसे देशों में भारतीय युवा अपने सपनों को पूरा होते हुए देखते है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। भारत इस तथ्य को समझता है कि मूल मसला इन अवैध प्रवासियों का वापस आना नहीं बल्कि उनका यह मान लेना है कि इस देश में उनका कोई भविष्य नहीं है। तभी तो वे अपनी जमा-पूंजी गंवाकर और जान का जोखिम मोल लेकर भी अमेरिका-कनाडा जैसे देशों का रुख करते हैं। ध्यान रहे, वैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे और वहां रह रहे भारतीयों ने मेहनत और प्रतिभा-कौशल के बल पर अपनी अच्छी जगह बनाई है। न केवल अपनी जगह बनाई बल्कि अमेरिका के विकास में योगभूत बने हैं। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। यही कारण है कि दो साल पहले वहां एक भारतीय परिवार की औसत आमदनी की तुलना में एक लैटिन अमेरिकी परिवार की औसत आमदनी काफी कम रही है। यही कारण है कि इस बार के अमेरिकी चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा भी बना था और राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डॉनल्ड ट्रंप इस मसले को रेखांकित भी किया, इस वजह से अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय की छवि भी प्रभावित हुई है।

भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवांई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। इतना ही नहीं, कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है।

अमेरिका से लौटे भारतीयों के दर्द को कम करना होगा एवं समझना होगा। इसके लिये भारत सरकार को व्यापक प्रयास करने होंगे। एक तो अवैध तरीकों से लोगों को विदेश पहुंचाने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त मुहिम चलानी होगी ताकि इस प्रक्रिया पर रोक लगे। दूसरी बात यह कि इसके साथ-साथ भारत में नौकरियों के नए अवसर बनाने पर भी ध्यान देना होगा। ऐसे में एक अहम सवाल यह भी है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिये चिन्हित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे? अन्यथा भारत का युवा हर मोर्चे पर ऐसे अपमान, दर्द, परेशानी के दंश को झेलता रहेगा।

# संकट से जुड़े अंतर्सूत्रों को समग्रता में पहचानें, गिरता लिंग अनुपात

लिंगानुपात में गिरावट के कारणों को समग्रता में पहचान कर उनके खिलाफ सामाजिक स्तर पर बड़ा सुधार आन्दोलन छेड़ने की जरूरत है। प्रशासनिक स्तर पर कानून को सख्ती से लागू करने के लिए हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की सख्त जरूरत है।

वर्ष 2024 के जन्म दर लिंगानुपात के आंकड़े हरियाणा में गिरते लिंगानुपात को दशार्ते हैं, जो महिलाओं के प्रति बढ़ते भेदभाव और सामाजिक लैंगिक असमानता को संकेतित करते हैं। हालांकि, पिछले दशक में किए गए प्रयासों से कुछ सुधार हुआ था, लेकिन 2024 के आंकड़े उस प्रयास को बड़े झटके की तरह सामने लाए हैं, जो राज्य में लड़की जन्म दर को बढ़ाने के लिए उठाए गए थे।

वर्ष 2014 में हरियाणा का जन्म दर लिंगानुपात 871 था, जो 2016 में बढ़कर 900 और 2019 में 923 हुआ। हालांकि, इसके बाद 2024 में इसमें 13 अंकों की गिरावट आई और यह 910 पर पहुंच गया। इसके परिणामस्वरूप, हरियाणा का कुल लिंगानुपात 1000:879 हो गया, जबकि राष्ट्रीय अनुपात 1000:940 है, जो चिंता का कारण बनता है।

पुत्र की अनिवार्यता की पुरानी धारणा, जो मुखाग्नि देने और वंश बेल को आगे बढ़ाने से जुड़ी रही है, अब बदल रही है। हाल ही में, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पुत्री द्वारा मुखाग्नि देने या बेटियों द्वारा मां-बाप की अर्थी को कंधा देने जैसे उदाहरण सकारात्मक बदलाव को दशार्ते हैं। समाज में इस बदलाव को समर्थन देने के लिए कई पहल हो रही हैं, जैसे लड़की के जन्म पर उत्सव मनाना, लड़कियों को वंश की वारिस मानना, और महिलाओं के नामों को सम्मानजनक रूप में बदलना। इन प्रयासों को बढ़ावा देने की जरूरत है।

बेटियों द्वारा खेलों और शिक्षा के क्षेत्र में सफलता हासिल कर परिवारों और देश का नाम रोशन करना एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है। हालांकि, गिरते लिंगानुपात के अन्य कारणों में प्रशासनिक और सरकारी प्रयासों की दिशा उत्साहजनक नहीं रही है। महिला सुरक्षा और आर्थिक संकट के बावजूद, दहेज और शादियों पर बढ़ते खर्चों के खिलाफ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। रिसर्च से यह साफ है कि ये अंध उपभोक्तावादी प्रचलन गिरते लिंगानुपात में योगदान दे रहे हैं। निर्भया कांड और अन्य समान घटनाओं ने महिला सुरक्षा को एक ज्वलंत मुद्दा बना दिया था। वर्ष 2015 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद, ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्न योजना हरियाणा से शुरू की गई और सरकार ने इस मुद्दे के समाधान के लिए कुछ प्रतिबद्धता दिखाई। लिंग जांच पर सख्ती और प्रदेशभर में छापेमारी की गई, हालांकि अभियान का बजट अधिकतर प्रचार पर खर्च हुआ। परिणामस्वरूप, लिंगानुपात में 52 अंकों का सुधार हुआ, लेकिन जनसंख्या विशेषज्ञों ने डाटा की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं। लिंगानुपात में गिरावट से चिंतित हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने हाल ही में सभी सिविल सर्जनों को सख्ती बढ़ाने व हर 15 दिन में रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं।

वास्तव में समान लिंगानुपात की समस्या को सही परिप्रेक्ष्य में समझने और समग्र प्रयासों की आवश्यकता है। पुत्र लालसा और पुत्र अनिवार्यता की जड़ें हमारी आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था में गहरे तक समाहित हैं, जो समाज में भेदभाव और पितृसत्तात्मक मानसिकता को बढ़ावा देती हैं। यदि हमारे आर्थिक-सामाजिक ढांचे में भेदभावपूर्ण तत्व हैं, तो उनके परिणाम स्वाभाविक रूप से सामने आएंगे। वहीं, वे राज्य जहां लिंगानुपात समान हैं, वे राज्य हैं जहां महिलाओं को संपत्ति में बराबरी का अधिकार मिला है और जहां समाज सुधार आंदोलनों ने प्रभावी बदलाव किए हैं।

वर्तमान में महिलाओं की समानता को बढ़ावा देने वाले कानूनों और मूल्यों को वर्ण व्यवस्था के अनुरूप ढालने की कोशिशें हो रही हैं। उदाहरण के तौर पर, दहेज विरोधी कानून और जस्टिस वर्मा कमेटी की सिफारिशों के तहत महिला सुरक्षा के कानूनों के सार को कमजोर किया जा रहा है। ह्यमहिलाएं झूठे मुकदमे लगाती हैंह्न जैसे भ्रामक प्रचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि सर्वे और आंकड़े इस तरह की धारणा के खिलाफ हैं और इसे गलत साबित करते हैं। यह स्थिति महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के बजाय उन्हें कमजोर करने की दिशा में है।

उधर महिला अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठनों और व्यक्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। जिन लोगों ने महिला भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के लिए संघर्ष किया, आज उन्हें उनके विभिन्न अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। इसके विपरीत, पुत्र लालसा को बढ़ावा देने वालों को सम्मानित किया जा रहा है, जो महिला अधिकारों के खिलाफ एक नकारात्मक संदेश है। दूसरी तरफ यह तो मान्य तथ्य है ही कि बढ़ते आर्थिक संकट की कीमत महिलाएं ही सबसे ज्यादा अदा करने को अभिशप्त हैं। पढाइयां उन्हीं की छूटती हैं। बेरोजगारी से बढ़ती नशाखोरी की वजह से अनेक तरह के अपराधीकरण की वही सबसे ज्यादा शिकार होती हैं। आर्थिक संकट के दबाव में एक बच्चा पैदा करने की चेष्टा भी पुत्र प्राथमिकता की मनोवृत्ति के चलते लड़की के जन्म से बचा जा रहा है।

इस प्रकार इन सभी बिन्दुओं से गिरते लिंगानुपात के जो अन्तर्सूत्र जुड़े हुए हैं उन्हें समग्रता में पहचान कर उनके खिलाफ एक तरफ सामाजिक स्तर पर बड़ा समाज सुधार आन्दोलन छेड़ने की जरूरत है। प्रशासनिक स्तर पर पीसीपीएनडीटी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की सख्त जरूरत है। केवल माताओं को इस समस्या के लिए जिम्मेदार मानकर जवाबदेही से बचने का काम नहीं चलने वाला। धन लोलुपता में डूबे बेटी भ्रूणों की हत्या का धंधा करने वाले संगठित गिरोहों के खिलाफ तुरंत कार्रवाइयों के उदाहरण पेश करने होंगे।



# सौतेली मां और नानी पर मासूम को गरम तवे पर बैठने का आरोप

**एनपीटी, ब्यूरो**

साहिबाबाद । थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में डीएलएफ कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने एक शिकायती पत्र देकर पुलिस को बताया है कि उसके 4 साल के बेटे को प्रताड़ित करने के लिए उसकी दूसरी पत्नी और उसकी मां ने उसे गर्म तवे पर बैठाया जिससे उसके दोनों हिप जल गए हैं। पुलिस ने तेहरीर लेकर के मामले की जांच शुरू कर दी है और महिलाओं से पूछताछ की जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार डीएलएफ कॉलोनी में किराए पर रहने वाले एक व्यक्ति ने थाना शालीमार गार्डन पर शिकायती पत्र देकर के बताया है कि उसके चार साल के बेटे को उसकी दूसरी पत्नी और उसकी मां ने प्रताड़ित करने के लिए उसे गर्म तवे पर बैठा दिया, जिससे उसके दोनों हिप जख्मी हो गए हैं । इस व्यक्ति का कहना है कि उसकी पहली पत्नी एक पुत्र को जन्म देने के बाद तलाक लेकर चली गई और बेटा उसके पास रह गया है जो अब चार साल का है।उसकी देखभाल के लिए उसने एक महिला से शादी कर ली ।वह महिला और उसकी मां उसके साथ ही रहते हैं। आरोप है कि उसके ड्यूटी पर जाने के बाद 4 साल के बच्चे को सौतेली मां व नानी प्रताड़ित करती हैं और उसको यातनायें देती है। बच्चों को उससे मिलने नहीं देते।अचानक उसने अपने बेटे को देखा तो उसने पाया कि उसके दोनों हिप जले हुए हैं ।बच्चे ने रोते हुए उसे बताया कि उसके साथ यह घटना कैसे हुई ? इस संबंध में थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने शिकायती पत्र लेकर के मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों आरोपी महिलाओं से पूछताछ की जा रही है।

# आलू उत्पादक किसानों ने प्रतिबोरी शुल्क की बढ़ोत्तरी किए जाने का किया विरोध

### भारतीय किसान यूनियन स्वतंत्र के बैनर तले जिलाधिकारी को कलेक्ट्रेट में दिया ज्ञापन

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। भारतीय किसान यूनियन स्वतंत्रत के तत्वावधान में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा के निदेर्शानुसार प्रदेश में शीत गृह मालिकों द्वारा आलू उत्पादक किसानों पर प्रतिबोरी शुल्क की बढ़ोत्तरी किए जाने के विरोध तथा अन्य विषयों की मांग को लेकर गुरुवार को जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल के संयोजन में किसानों व किसान नेताओं द्वारा जिलाधिकारी आगरा को कलेक्ट्रेट कार्यालय पर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक अनिल कुमार विधोलिया, राष्ट्रीय



उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्र दत्त गौतम, प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार समाजसेवी, प्रदेश सचिव युवा मोर्चा आशीष कुमार, प्रदेश अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. रिंकू सिंह, मंडल उपाध्यक्ष बच्चू यादव, मंडल अध्यक्ष प्रधान प्रकोष्ठ श्याम सुंदर प्रधान, जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, हृदेश भारद्वाज, अनूप अग्रवाल, पूर्व प्रधान गिर्राज सिंह, केंद्र प्रभारी बलवेंद्र सिंह, किसान दिनेश कुमार, मनवीर सिंह, श्याम सुंदर उर्फ बबलू, अरविंद कुमार, प्रेम शंकर, संतोष, मोनू कुमार और जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

### कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति व व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली । जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं को जायजा लिया, निरीक्षण के समय समस्त कर्मचारी उपस्थित पाए गए। बेसिक शिक्षा कार्यालय में प्राइमरी स्कूलों को भेजी जाने वाली किताबों के रख-रखाव को देखा गया और पाया कि सभी किताबें व्यवस्थित ढंग से रखी है।

उक्त के उपरांत ऑनलाइन पोर्टल पर अध्यापकों की उपस्थिति को भी देखा और पाया कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय के अध्यापकों में कुछ अध्यापक सुबह व शाम को दोनों समय की उपस्थिति दर्ज है, जबकि की कुछ की नहीं है, जिस पर निर्देश दिए गए कि पोर्टल में कहीं कोई समस्या तो नहीं है यदि है तो सही कराकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई जाए।

निरीक्षण के समय बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने फोन पर वार्ता की, बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वे निरीक्षण पर गए हुए हैं।

निरीक्षण के समय सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आगरा में सर्वाधिक बिकने वाली हींग की नमकीन की बिक्री पर लगी रोक

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जांच में आगरा के दयालबाग स्थित आपके फूड इंडस्ट्रीज की हींग वाली नमकीन जांच में फेल मिली है। इसकी बिक्री पर रोक लगा दी गई है। विक्रेताओं को इस नमकीन की बिक्री न करने और कंपनी को माल वापसी के लिए नोटिस भेजा है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय शशांक त्रिपाठी ने बताया कि सितंबर 2024 को दयालबाग स्थित आपके फूड कंपनी की हींग वाली मिक्सचर नमकीन का नमूना लिया था। जांच कराने पर इसमें सिंथेटिक रंग मिला है। यह सेहत के लिए असुरक्षित है। उन्होंने बताया कि नमकीन की बिक्री पाबंद करते हुए कंपनी के खिलाफ केस भी दर्ज करा रहे हैं।नमकीन का बैच नंबर समेत अन्य विवरण की सूची बना रहे हैं। कंपनी को इस बैच की नमकीन बाजार से वापस मंगाने और दुकानदारों को भी इस नमकीन की बिक्री न कर वापसी के लिए नोटिस जारी कर रहे हैं।



# महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालय में तकनीकी कार्यशाला का हुआ आयोजन



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली ,महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग में भारत के विभिन्न स्थानो मध्य प्रदेश, मुबई, तमिलनाडु, केरल, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र तथा बरेली के वैज्ञानिकों ने भ्रमण किया। ये वैज्ञानिक आयोजित एक कार्यशाला में आये हुए थे।

सत्र की संसाधन व्यक्ति प्राणि विज्ञा'न विभाग की डॉ० आमा त्रिवेदी थी। इन्होने वैज्ञानिको जीनो टॉक्सिसिटी की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दि तथा वार्ता करी जिनमें मुख्य रूप से उन्होंने वैज्ञानिको को माइक्रोन्यूक्लियस तथा जैसी तकनीको का व्यावहारिक अभ्यास तथा अनुसंधान में उनके महत्व जैसे विषय पर चर्चा की। उन्होने बताया कि विभिन्न प्रदूषकों और रसायनो के सम्पर्क से कोशिकाओं में माइक्रोन्यूक्लियस का निर्माण होता है तथा डी एन ए फैगमेंटेशन के आधार पर विषाक्त पदार्थों को प्रभाव कैसे मापा जाय यह भी बताया।

वैज्ञानिकों ने उनके वक्तव्य को सराहा और कहा कि इन तकनीकों का उपयोग कैसर अनुसंधान, विष विज्ञान और पार्यावरण विज्ञान में किया जा सकता है।

डॉ० आभा त्रिवेदी ने इस कार्य के प्रोत्साहन के लिए माननीय कुलपति प्रो० के० पी० सिंह तथा विभागाध्यक्ष प्रो ब्रजेश त्रिपाठी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सत्र में शोध छात्र जुम्मन बख्श, नीति एवं वैष्णवी ने योगदान दिया !

## तीन वर्षीय 64 घड़ियाल के शावकों को घाघरा नदी में छोड़ा गया



बहराइच। लुप्तप्राय परियोजना के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को घड़ियाल पुनर्वास केन्द्र कुकरैल से वन विभाग लखनऊ की अनामिका सिंह, रेनू सिंह,डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह, एसडीओ राशिद जमील, वन क्षेत्राधिकारी मोहम्मद साकिब एवं डब्ल्यू आई आई की संयुक्त टीम द्वारा कुकरैल ब्रीडिंग सेंटर में तैयार किए गए घड़ियाल के तीन साल के 64 शावकों को घाघरा नदी में छोड़ा गया। डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि घड़ियाल पुनर्वास केन्द्र में घड़ियाल के बच्चे हैचिंग के बाद बाहर निकलते हैं। इन्हें तीन साल तक घड़ियाल पुनर्वास केन्द्र कुकरैल रखा जाता है। उसके बाद नमामि गंगे योजना के तहत इन्हें नदियों में छोड़ा जाता है। उसी क्रम में आज इन शावकों को घाघरा नदी में छोड़ा जा रहा है। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच, उप प्रभागीय वनाधिकारी नानपारा एवं कैसरगंज रेंज स्टॉफ सहित घड़ियाल पुनर्वास केंद्र कुकरैल लखनऊ स्टॉफ और डब्लू आई आई स्टॉफ उपस्थित रहा।

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सेवा रत्न सम्मान पुरस्कार से सम्मानित



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली ,राष्ट्रीय समाज सेवा मंच द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सेवा रत्न सम्मान पुरस्कार दिया गया जिनका योगदान प्रत्यक्ष दिखाई देता है। महापौर डॉक्टर उमेश गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में बहुत से लोगों ने अपना जीवन लगा दिया , लेकिन वह खुद नींव की तरह ही बने रहे। पद, वैभव, यश की कोई कामना नहीं की, उन्होंने राष्ट्रीय समाज सेवा मंच की प्रशंसा करते हुए कहा कि मंच पिछले 24 वर्षों से बिना स्वार्थ के समाज में अपनी भूमिका निभा रहा है जो प्रशंसनी और सराहनीय है मुख्यातिथि महापौर डॉ उमेश गौतम ने जिला चिकित्सालय बरेली एवं मानसिक चिकित्सालय बरेली एवं अन्य क्षेत्रों के 51 लोगों को सम्मानित किया. तमाम हस्तियों को सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष नदीम शम्सी ने की, व संचालन पूर्व पार्षद महेश पंडित ने किया. जिला अस्पताल की अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ अलका शर्मा ने मुख्य अतिथि डॉक्टर उमेश गौतम को पुष्प भेंट किया !

सम्मानित होने वालों में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ दीप पंत , डॉ लक्ष्मीकांत सक्सेना,डॉ राजीव कुमार गुप्ता, डॉ अजय मोहन अग्रवाल, डॉक्टर वर्तिका अग्रवाल डॉ मीनाक्षी ,डॉक्टर नीलू, वरिष्ठ समाज सेवी इकबाल सिंह वाले

मुख्य अतिथियों को वरिष्ठ समाज सेवी राजेंद्र प्रसाद घिंल्डियाल ने शॉल उड़ाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया.

कार्यक्रम में समाजसेवी नदीम शमसी पूर्व पार्षद महेश पंडित मिलन शर्मा अखिलेश पाठक ,रजत अग्रवाल ,दीपक अग्रवाल नावेद खान ,इकबाल सिंह बाले ,शाहीन खानम ,कबीर साजिद हुसैन हीमोफीलिया समित अध्यक्ष रेखा रानी राजेश, कविता वंश बाल सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे !

## शराब के दामों में अप्रैल से होगा मामूली इजाफा, कैबिनेट ने 60 हजार करोड़ कमाने का लक्ष्य किया निर्धारित

लखनऊ। नई आबकारी नीति में देशी शराब के दाम में 5 रुपये का इजाफा किया गया है। देसी शराब की 200 एमएल की बोतल में अप्रैल माह से 5 रुपये अतिरिक्त चुकाने होंगे। हालांकि आबकारी विभाग ने देसी शराब बनाने वाली डिस्टलरी, थोक कारोबारी और फुटकर कारोबारियों का मार्जिन भी बढ़ाया है। फुटकर दुकानों का कोटा 10 फीसद बढ़ाया गया है। इन कदमों से देसी शराब बनाने से जुड़े उद्योग एवं कारोबारियों का मुनाफा बढ़ेगा, साथ ही विभाग को भी अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। बृहस्पतिवार को कैबिनेट ने नई आबकारी नीति में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 60 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि नई नीति में कंपोजिट दुकानें खोलने की अनुमति दी गई है, जिसमें विदेशी मदिरा, बीयर, वाइन की बिक्री एक साथ हो सकेगी। यदि कोई कंपोजिट शॉप का लाइसेंसधारक मॉडल शॉप की अर्हताएं पूरी करता है और अपनी कंपोजिट शॉप को मॉडल शॉप में परिवर्तित करने का अनुरोध करता है तो उससे मदिरा पान शुल्क लेकर परिर्वतन करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि नई नीति में शराब का आयात-निर्यात बढ़ाने को तमाम रियायतें भी प्रदान की गई हैं।

### कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत जनपद के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से पात्रों के चयन हेतु

# समस्त तहसीलों में विभिन्न तिथियों में आयोजित होंगे शिविर

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली । जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चमन लाल ने अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना संचालित है।

उक्त योजना के अन्तर्गत ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें विगत 03 वर्षों में सहायक उपकरण प्राप्त नहीं हुए हैं (संस्थागत अध्ययनरत छात्रों हेतु 03 वर्ष की बाध्यता नहीं) पात्र दिव्यांगजन बेवसाइट https://divyang-janup.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर वांछित प्रपत्र अपलोड करते हुए आवेदन जमा कर सकते हैं।

पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जाने हेतु चिन्हांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त के अन्तर्गत 10 फरवरी को तहसील परिसर बहेड़ी, 12 फरवरी को तहसील परिसर ऑवला, 14 फरवरी को तहसील परिसर नवाबगंज, 17 फरवरी को तहसील परिसर फरीदपुर, 19 फरवरी को तहसील परिसर सदर एवं 21 फरवरी को तहसील परिसर मीरगंज में समय प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगें।

उक्त शिविर में दिव्यांगजन अपने पास उपलब्ध प्रमाण पत्रों यथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र (40 प्रतिशत या उससे अधिक) जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, दो फोटो एवं मोबाइल नम्बर आदि के साथ शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# यूपी बोर्ड परीक्षाः 17 जिले संवेदनशील हुए घोषित, प्रयागराज, अलीगढ़, आगरा साहित कई जगहों पर विशेष सख्ती

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

लखनऊ । 24 फरवरी से शुरू हो रहीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के बीच प्रदेश के 17 जिलों को संवेदनशील घोषित किया गया है। नकल माफियाओं पर शिंकजा कसने की विशेष तैयारी की गई है।



प्रदेश में 24 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। इसके तहत जहां जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं, वहीं राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके साथ ही 17 जिले परीक्षा के लिए संवेदनशील घोषित किए गए हैं। यहां पर विशेष निगाह रहेगी।

विभाग के अनुसार पिछली परीक्षा के दौरान सामूहिक नकल, अनियमितता आदि कारणों से कराई गई पुर्नपरीक्षा के आधार पर 17 जिलों को अतिसंवेदनशील चिह्नित किया गया है। इसमें गोंडा, आगरा, मथुरा, बागपत, अलीगढ़, मैनपुरी, एटा, हरदोई, आजमगढ़, बलिया, मऊ, प्रयागराज, कौशांबी, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, देवरिया शामिल हैं। इसके लिए विभाग ने अतिरिक्त तैयारी शुरू कर दी है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सभी डीएम, कमिश्नर व विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन जिलों में जिन तिथि व पाली में परीक्षा होनी है, वहां पर विशेष सतर्कता रखी जाए। नकल माफिया, असामाजिक तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही की जाए। डीएम की अध्यक्षता में बैठक कर नकलविहीन परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। पेपर की सुरक्षा की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इसी क्रम में बोर्ड परीक्षा सकुशल आयोजित करने व निगरानी के लिए जिला मुख्यालय, सभी क्षेत्रीय कार्यालयों व राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया जाएगा।

जिलों के कंट्रोल रूम से जिला, क्षेत्रीय कार्यालय से वहां के केंद्र और राज्य स्तर से सभी 75 जिलों के केंद्र की निगरानी की जाएगी। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की मॉनीटरिंग डीएम द्वारा नामित प्रशासनिक अधिकारी करेगा। कंट्रोल रूम से निगरानी में किसी तरह की गड़बड़ी केंद्र में मिलने पर संबंधित अधिकारी को तुरंत सूचित कर वहां भेजा जाएगा। इसके साथ ही एक रजिस्टर पर सूचनाएं दर्ज की जाएं।

# बुंदेली लोकगीतों और राई नृत्य की प्रस्तुति पर झूमे दर्शक





एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर महरौनी नगर पंचायत महरौनी के तत्वाधान में चल रहे महरौनी मेला महोत्सव 2025 के अंतर्गत ग्यारहवें दिन सद्भावना मंच पर पारंपरिक बुन्देली लोकगीत और लोकनृत्य निशा का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में दर्शकों की भीड उमड पडी और दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी और जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन के साथ विशिष्ट अतिथियों में सोसायटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राजावत , भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी, अरविंद कौशिक, हरिशंकर सोनी, बृजेश रिछारिया, पीयूष शुक्ला आदि की मौजूदगी में मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन हुआ। तत्पश्चात फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में आयोजन की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम की शुरूआत बुंदेली गायिका कौशल्या कुशवाहा और विनोद कुशवाहा ने गणेश वंदना व शारदा वंदना के साथ की। वहीं पारंपरिक लोकगीतों की सराहनीय प्रस्तुति दी।

इसके बाद कलाकारों में मीना राजपूत और विक्रम सिंह बुंदेला ने बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में हबला मध्यप्रदेश से आयी नृत्यांगनाओं चांदनी, नेहा , संजना और मनी ने शानदार राई नृत्य की प्रस्तुति दी, जिस पर देर रात तक दर्शक झूमते रहे ।

कार्यक्रम में बुंदेली मंच संचालन सूर्यकांत त्रिपाठी ने किया और अंत में महरौनी महोत्सव मेला प्रमुख दुष्यंत बडौनियां, प्रतिनिधि नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी का आभार जताया।

आयोजन को सफल बनाने में नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम बडौनियां, अधिशाषी अधिकारी साक्षी साहू, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, संजय पांडेय भारत, कुलदीप खरे एडवोकेट, हृदयेश गोस्वामी, सूर्यकांत त्रिपाठी, रवि खरे, दिनेश श्रीवास्तव, पूरन पाटकार, अभय दुबे टिंकू, नितिन जैन शास्त्री ,जितेन्द्र पालीवाल, छोटू राय,मुकेश नायक, आनंद त्रिपाठी, अमित नायक, पार्षद अनूप अहिरवार, नीलेश श्रीवास्तव, अनिल शर्मा, पवन बजाज, प्रेमनारायण साहू, उदयभान सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, जाकिर अली,रवि अहिरवार , सौरभ लखपति, सुरेश अहिरवार, सौरभ सेन आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# हेल्पिंग हैंड्स सेवा संस्थान झांसी के सहयोग से भ्रष्टाचार के विरोध में एक कार्यशाला का आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

ललितपुर में नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया झांसी और ललितपुर द्वारा हेल्पिंग हैंड्स सेवा संस्थान झांसी के सहयोग से भ्रष्टाचार के विरोध में एक कार्यशाला का आयोजन माननीय राम रतन कुशवाहा विधायक सदर ललितपुर के मुख्य अतिथि एवं डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर ललितपुर की अध्यक्षता में एवं सतेंद्र कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष हेल्पिंग हैंड्स सेवा संस्थान झांसी के अतिथि मै एवं नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया झांसी के अरविन्द कुमार सक्सेना जिला अध्यक्ष झांसी,बुंदेलखंड समन्वयक एवं अरविंद कुमार संज्ञा जिला अध्यक्ष ललितपुर के विशिष्ट मै संपन्न हुआ ललितपुर के लोकप्रिय विधायक ने मुख्य अतिथि की आसान से कहा कि झांसी एवं ललितपुर के जिलाध्यक्ष की टीम के द्वारा भ्रष्टाचार को रोकने के लिए जनजागृति के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है जो सराहनीय कार्य है अध्यक्षीय उद्बोधन में डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर ललितपुर ने भी नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया झांसी और ललितपुर द्वारा किए जा कार्यों की प्रशंसा की अंत में अरविन्द कुमार सक्सेना जिला अध्यक्ष झांसी ने सभी का आभार किया एवं अरविंद कुमार संज्ञा जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम का संचालन किया कार्यक्रम में श्री अंबिका श्रीवास्तव, अशोक कुमार खरे,आलोक वर्मा जिला उपाध्यक्ष,राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा मंडल उपाध्यक्ष,डॉक्टर राम कुमार खरे जिला महासचिव,राम निवास झा जिला सचिव, डॉक्टर एम आर सक्सेना जिला प्रशासन अधिकारी,अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव,मिंटू बाल्मिकी,सौरभ जेजुरकर, पंकज झा, राजीव कुमार सक्सेना, जिला पदाधिकारी प्रतिमा ओझा उत्तर प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष,बबिता ओझा जिला अध्यक्ष महिला झांसी आदि उपस्थित थे

# ग्राम पंचायतों को विकसित कर प्राप्त करें सतत विकास के लक्ष्य- डीएम



चित्रकूट ब्यूरोः राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर (डीपीआरसी) में किया गया। जिसमें उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों को गांव को विकसित कर सतत विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यशाला में उपनिदेशक पंचायत परवेज आलम खां ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत सतत विकास लक्ष्य एवं इसका स्थानीयकरण तथा पंचायत विकास सूचकांक विषयक जिला स्तरीय कार्यशाला की संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत की। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे विभिन्न विभागों के समस्त अधिकारियों को प्रशिक्षण को ध्यान से सीखकर एवं समझकर पंचायत के विकास कार्यों में योगदान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के दिशा-निर्देश में पर्यावरण को देखते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा के माध्यम से एवं सभी विभागों के सहयोग तथा योजनाओं के अभिसरण से ग्राम पंचायत का समग्र समेकित एवं सतत विकास ही ग्राम पंचायत विकास योजना का मुख्य उद्देश्य है। कहा कि विकसित गांव ही देश के सतत विकास में कार्य करेंगे। गांव के विकास के लिए विभाग द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है, उनको भी इंडेक्स में फीड करें। मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर ने कहा कि ग्राम सभा की बैठकों में सभी विभाग के अधिकारी प्रतिभाग करे, जिससे एक बेहतर कार्ययोजना तैयार हो सके। प्रशिक्षण में पंचायती राज निदेशालय से स्टेट कंसल्टेंट सुनीता सिंह ने सतत विकास लक्ष्य एवं पंचायत विकास सूचकांक की जानकारी दी। प्रशिक्षक सत्य ने ग्राम पंचायत विकास योजना के बारे में बताया कि। इस मौके पर जिला परियोजना प्रबंधक शशिकान्त,

# लखनऊ को पस्त कर परबई पहुंची फाइनल में

## स्पिन गेंदबाजों के आगे लखनऊ ने टेके घुटने

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर पाली। खेल महोत्सव अंतर्गत जिला परिषद के मैदान में बुधवार को दूसरा क्रिकेट सेमीफाइनल मुकाबला टीम परबई और लखनऊ के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम परबई के बल्लेबाज महज 112 रन ही बना सकी तो लगा कि इस लक्ष्य को भेदना लखनऊ के बिल्कुल आसान होगा लेकिन क्रिकेट की लड़ाई को जारी रख परबई के स्पिन गेंदबाजो ने बल्लेबाज को ऐसा बांधा कि जीत के लिए आखरी ओवर में लखनऊ 09 रन भी नही सकी।

टॉस जीतकर मैदान पर उतरी परबई के सलामी जोड़ी जल्दी टूट गयी। हालांकि एक तरफ से अंकेश विकट के पतन को रोके रहे। 16 ओवर के बाद आखरी जोड़ी मैदान पर बनी थी, जिसने आखिर तक खेल टीम के स्कोर को 112 रनों तक पहुंचाया। जिसमें अंकेश के 19, प्रदीप 24, रिकू ने 25 रनों का अहम योगदान दिया।

छोटे लक्ष्य को समझ टीम लखनऊ ने जल्दबाजी दिखायी तो 38 रन पर उनके भी चार विकेट गिर गए । इसके बाद बल्लेबाज स्पिन के आगे बेबश नजर आए। 19 वें ओवर में मोहित ने तेज गेंदबाज के विरुद्ध 15 रन बटोर जीत की बड़ी उम्मीद जगायी लेकिन 20 वे ओवर में लखनऊ को 09 की दरकार थी। मुकाबाला अपने रोमांच पर था मैदान पर पिछले मैच के हीरो सोनू थे जिन्होंने 07 गेंदों पर 21 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली थी लेकिन परबई की ओर आए स्पिन गेंदबाज के आगे सोनू भी घुटने टेक गए और आखरी ओवर में महज चार रन ही बना सके। लखनऊ की ओर से हनी 17 रमन 11, मोहित ने 25 रन बनाए। परबई ने 05 रन से लखनऊ को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। गुरुवार को फाइनल मुकाबला झांसी और परबई के बीच खेला जाएगा।

# 70 वर्ष से अधिक के नागरिक लें आयुष्मान भारत योजना का लाभ

चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को धर्मनगरी के 13 साधु-संतों को आयुष्मान कार्ड एवं कंबल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपए के मुफ्त उपचार का लाभ मिलेगा।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के क्रम में 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आयुष्मान कार्ड का वितरण कराया जा रहा है। जिसमें साधु-संतों का विशेष ख्याल रखा गया है। इसी क्रम में गुरुवार को कलेक्टरेट सभागार में 13 साधु-संतों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही कंबलों का भी वितरण किया गया। डीएम ने बताया कि इसके अलावा लगभग 200 से अधिक लोगों को जनपद में आयुष्मान कार्डों का वितरण कराया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान चलाकर 70 वर्ष के ऊपर आयु के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्माने, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एमके जतारिया सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पोषण कार्यों में नहीं होनी चाहिए लापरवाही- डीएम

चित्रकूट ब्यूरोः जिला पोषण समिति की बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पोषण कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही आरबीएसके टीम का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प, सैम प्रबंधन, अनुपूरक पोषाहार वितरण सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान गत माह पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर लक्ष्य के सापेक्ष कुपोषित बच्चों के भर्ती न होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को चेतावनी देने तथा तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि यदि माह फरवरी में लक्ष्य के सापेक्ष पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चे भर्ती नहीं कराए गए तो संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारियों का भी वेतन रोका जाएगा। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें तथा केंद्र बंद पाए जाने पर सम्बन्धित आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सहायिका, सुपरवाइजर व बाल विकास परियोजना अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। साथ ही केन्द्रों पर वजन मशीन आदि न होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी को जानकारी दें ताकि ग्राम स्वास्थ्य निधि से उपकरण क्रय कराए जा सकें। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को किशोरियों व गर्भवती महिलाओं को सही तरीके से पोषाहार का वितरण कराने के निर्देश दिए। प्रभारी चिकित्साधिकारियों को पोषण ट्रैकर में प्रदर्शित सैम बच्चों की सूचना को ई-कवच पर फीड कराने के निर्देश दिए। डीएम ने सैम-मैम, एचआरपी, वैक्सीनेशन, पोषाहार वितरण आदि पर फोकस करने के निर्देश दिए। सीएमओ से कहा फाइलेरिया से बचाव के लिए दी जाने वाली एल्बेंडाजोल की गोलियां समय से सभी जगह वितरण कराएं तथा इसमें खंड विकास अधिकारियों को भी लगाया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीडी विश्वकर्मा, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एम के जतारिया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चकबंदी कार्यों का प्राथमिकता से करें निस्तारण- डीएम

चित्रकूट ब्यूरोः चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने चकबंदी अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप चकबंदी कार्यों को करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने चकबंदी से सम्बन्धित नक्शा तरमीम, खसरा पड़ताल, प्रारूप-2 सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की चकबंदी अधिकारियों, सहायक चकबंदी अधिकारियों, कानूनगो व चकबंदी लेखपालों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि शासन की मंशा के अनुरूप समय से चकबंदी के कार्यों को पूरा किया जाए। उन्होंने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से कहा कि जो शासन द्वारा चकबंदी कार्यों का जो लक्ष्य दिया गया है उसको समय से पूरा करें। चकबंदी अधिकारी तथा सहायक चकबंदी अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र में जाकर कार्यों का सत्यापन करें तथा समय से धारा-52 के बाद गांवों में कब्जा परिवर्तन भी कराया जाए। उन्होंने लेखपालों से कहा कि शासन के निर्देश पर जिन गांव में चकबंदी का कार्य किया जाना है, उसमें सभी बिंदुओं की सूचना समय से भेजी जाए। उन्होंने सभी चकबंदी अधिकारियों से कहा कि जो वाद कोर्ट में लंबित है, उनका समय से निस्तारण कराए। कहा कि जिन गांवों में सर्वे को लेकर कुछ समस्याएं हैं, उनका कार्य योजना के अनुसार सर्वे कराए। कहा कि सर्वे टीम कार्य कर रही है उनके साथ आपको भी कार्य करना है। इसमें लेखपाल व कानूनगो किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं करेंगे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक/उपसंचालक चकबंदी राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान, समस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी, कानूनगो एवं चकबंदी लेखपाल मौजूद रहे।

## खाद्यान्न वितरण आज से

चित्रकूटः जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह फरवरी में खाद्यान्न का वितरण सात से 25 फरवरी के मध्य किया जाएगा। बताया कि इसमें अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 17 किग्रा गेहूँ, 13 किग्रा चावल एवं 5 किग्रा बाजरा (कुल 35 किग्रा) एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रति यूनिट 2.30 किग्रा गेहूँ एवं 2.70 किग्रा चावल (कुल पांच किग्रा प्रति यूनिट) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। बताया कि वितरण की अन्तिम दिन 25 फरवरी को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने समस्त उचित दर विक्रेताओं को निदेश दिए कि कार्डधारकों के बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के बाद अनुमन्य मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध कराएं।

# 10 से 25 फरवरी तक चलेगा एमडीए अभियान- सीएमओ

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में एमडीए अभियान 10 से 25 फरवरी तक चलाया जाना है। जिसमें घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव के लिए डीईसी व एल्बेन्डाजोल गोली का सेवन कराया जाएगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होने वाली एक लाइलाज बीमारी है, जिससे बचाव के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आशा व आंगनबाडी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर डीईसी व एल्बेन्डाजोल गोली का सेवन कराएंगी। नोडल अधिकारी डॉ जीआर रतमेले ने बताया कि एक-दो वर्ष के बच्चों को आधी गोली एल्बेन्डाजोल (200 एमजी) पीसकर, दो वर्ष से अधिक उम्र वर्ग को एक गोली एल्बेन्डाजोल (400 एमजी), दो से पांच वर्ष तक के बच्चो को एक गोली डीईसी (100 एमजी), पांच से 15 वर्ष तक के बच्चों को दो गोली डीईसी (200 एमजी) एवं 15 वर्ष के ऊपर की आयु के सभी लोगो को तीन गोली डीईसी (300 एमजी) का सेवन खाना खाने के उपरान्त कराया जाएगा। कहा कि गर्भवती महिलाओं व गंभीर रोग से पीडित लोगो को दवा का सेवन नहीं कराया जाएगा तथा खाली पेट किसी को दवा नहीं खिलाई जाएगी। बताया कि इस दवा को खाने से किसी भी प्रकार का कोई खतरा नहीं है।

# सबको वश में रखने वाले श्रीकृष्ण की नित्य करनी चाहिए स्तुति- बृजेश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध के पांच अध्याय भगवान के पंच प्राण कहे जाते है। इनमें भगवान की मधुरतम बाल लीलाओं का वर्णन है।

यह विचार जिला मुख्यालय स्थित कमल निवास में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन कथा व्यास डॉ बृजेश कुमार पयासी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भगवान की बाल लीलाएं दिव्य है, किंतु बाह्य दृष्टि से वात्सल्य रसपूर्ण दिखने के कारण इनसे ब्रम्हा को भी भ्रम उत्पन्न हो जाता है। इसके चलते पढ़न या श्रवण के पूर्व भागवत के वास्तविक स्वरूप के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर लेना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की अपनी ही शक्ति का प्रदर्शन माखन चोरी लीला और गोपियों के साथ चिद्विलास लीला है। आनंद ही आस्वादन की सामग्री है। आनंद जीव के लिए भाव वस्तु है, किंतु भगवान की योग माया उन्हें मूर्तिमान होकर अनंत लीला वैचित्री का आस्वादन कराती है। यह लीला दिव्य गोकुलधाम में निरंतर होती रहती है। जीवों के चिरकल्याण का पथ प्रदर्शन करने के लिए स्वधाम सहित भूमंडल पर भी प्रकट होती है। भगवान की मधुर लीलाओं का अंत नहीं है। सबको वश में रखने वाले भगवान श्रीकृष्ण सर्वथा स्तुति करने योग्य है। वे एक होकर भी बहुत रूपों में प्रकाशित है। उन्हें भजने वाले धैर्यवान भक्तों को सनातनी सिद्धी मिलती है। इस दौरान कालिया नाग मर्दन, गोवर्धन लीला, छप्पन भोग के साथ गोवर्धन पूजा का प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

इस मौके पर कथा श्रोता सोमा शुक्ला, आचार्यी आश्रम के युवराज बद्रीप्रपन्नाचार्य, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, चायल के पूर्व विधायक संजय गुप्ता, चित्रकूट कर्वी नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, बसपा नेता मयंक द्विवेदी, चित्रकूट इंटर कालिज के प्रधानाचार्य रणवीर सिंह चैहान, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, श्यामसुंदर मिश्र, अतुल प्रताप सिंह, भाजपा जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी, भाजपा नेता मनीष शुक्ला, भाजपा जिलामंत्री मनोज तिवारी, समाजसेवी अर्चन द्विवेदी, देवेन्द्र त्रिपाठी, सतीश तिवारी, विजय मिश्र, आदर्श मिश्र, अत्रिमुनी शुक्ला, नवल सिंह चंदेल, अमन सिंह पटेल, पुष्पराज सिंह, शिवाकांत बलुआ, बराती लाल पाण्डेय, आनंद पाण्डेय, अखिलेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए बीएसए ने किया



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में गुरुवार को जिला मुख्यालय के प्रयागराज रोड स्थित पिरामल संस्था कार्यालय पर निपुण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालयों को निपुण बनाने पर जोर दिया गया।

कार्यशाला में विद्यालय पर स्तर किये जा रहे कार्यक्रम की प्रगति को साझा करने, विद्यालयों को भौतिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने, मेरा गाँव मेरा विद्यालय की तर्ज पर अभिभावकों की भूमिका को सुनिश्चित करने सहित विद्यालयों को निपुण बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालयों को निपुण बनाने के निर्देश दिए। संस्था के प्रबंधक अनिल शुक्ल ने बताया कि मासिक तौर पर संस्था के सदस्य मीटिंग में अपने सुझाव और रिपोर्ट सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारियों के समक्ष रखेंगे जिससे खण्ड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन से टीम आगे बढ़कर लक्ष्यों की प्राप्ति कर सके। कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से संस्था के कार्यों को साझा किया गया।

इस मौके पर प्रोग्राम लीडर प्रिया माथुर, गरिमा भारती, गाँधी फेलो गौरव, लक्ष्मी, सत्यश्री, प्रतिक्षा, अभिमन्यु, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता अभियानः खैरथल में एक माह तक चलेगा विशेष सफाई अभियान

## जिला कलेक्टर ने फीता काटकर सद्भावना केंद्र की करी शुरूआत

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**





खैरथल तिजारा, 6 फरवरी। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने गुरुवार को नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक माह का विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का शुभारंभ जिला कलेक्टर किशोर कुमार द्वारा खातीवाड़ा पार्क खैरथल में प्रातः 8 बजे किया गया। जिला कलेक्टर स्वयं ने सड़क पर झाडू लगाकर आमजन को दिया सफाई का संदेश तथा इस अभियान को सफल बनाने में आमजन की भागीदारी की अपील भी की। इस दौरान नगर परिषद सभापति हरीश रोघा, उपसभापति वरुण डाटा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, जनप्रतिनिधीगण एवं पार्षद मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने खैरथल को ₹स्वच्छ खैरथल, हरित खैरथल, भव्य खैरथल₹ बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि सफाई केवल एक दिन या एक माह का अभियान नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो हमारे जीवन और समाज की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। हमें यह समझना होगा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद या सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी नागरिकों की समान जिम्मेदारी है।

उन्होंने नागरिकों से अपील कि वे सफाई को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सड़क पर कचरा न फेंकें, पॉलिथीन का प्रयोग बंद करें और कचरे का सही प्रबंधन करें। हमें बच्चों और युवाओं को इस दिशा में प्रेरित करना चाहिए, क्योंकि वे हमारे समाज के भविष्य हैं। यह अभियान तभी सफल होगा जब हम सभी मिलकर इसे एक आंदोलन का रूप देंगे।

इस विशेष अभियान के तहत नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में सफाई कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला कलेक्टर ने इस अभियान का प्रभारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद मुकेश शर्मा को बनाया को नियुक्त किया। जिला कलेक्टर ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें।

कार्यकम के पश्चात मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार द्वारा की गई बजट घोषणा अनुसार नगर परिषद खैरथल कार्यालय में स्थापित मुख्यमंत्री स?द्भावना केन्द्र का उद्घाटन जिला कलक्टर द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त स?द्भावना केन्द्र में आमजन के पास जो अनुपयोगी सामान उपलब्ध है उसे जमा कर उपयोग हेतू निर्धन एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को उपलब्ध कराये जावेंगें। नगर परिषद खैरथल के आमजन से अपील है कि उनके पास यदि को अनुपयोगी सामान हो तो वह नगर परिषद खैरथल कार्यालय में उपलब्ध करावें जिससे उक्त सामान जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया जाकर मदद की जा सके।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किया इस्माइलपुर शिविर का निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



खैरथल-तिजारा, 6 फरवरी' अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने किशनगढ़ बास कि ग्राम पंचायत इस्माइलपुर में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद किसानों से संवाद कर उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखें ताकि इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने किसानों से अपने परिचित किसानों को शिविर के बारे में जानकारी देने की अपील करते हुए बताया कि किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है। कृषक विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निदेर्शांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि को डिजिटल रूप में संकलित किया जाकर, प्रदेश के प्रत्येक किसान को आधार आधारित एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर स क ं ग ा ` । उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में निर्धारित तिथियों को प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# कार और रोडवेज बस की भिड़ंत में आठ लोगों की मौत टायर फटने से बेकाबू बस ने कार को मारी टक्कर





**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

जयपुर। राजधानी जयपुर के दूदू इलाके में नेशनल हाइवे-48 के मोखमपुरा क्षेत्र में एक कार और रोडवेज बस के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस दौरान आठ लोगों की मौत हुई है।

राजधानी जयपुर के दूदू इलाके से सड़क हादसे की खबर सामने आई है। दूदू के पास नेशनल हाइवे-48 के मोखमपुरा क्षेत्र में एक कार और रोडवेज बस के बीच टक्कर हो गई। इसमें कार सवार आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

बता दें कि हादसे की सूचना मिलते ही मोखमपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कार से निकालने का काम शुरू किया। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया, जिसे पुलिस हटाने का प्रयास कर रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार तेज रफ्तार में थी तभी अचानक उसका टायर फट गया। इसके बाद कार डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जा घुसी और सामने से आ रही राजस्थान रोडवेज बस से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने में मदद की। हालांकि, टक्कर इतनी भीषण थी कि किसी को बचाया नहीं जा सका। मोखमपुरा थाना पुलिस ने बताया, मृतकों की शिनाख्त की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण कार का टायर फटना और तेज रफ्तार माना जा रहा है।

# केकड़ी सरपंच उपचुनावः नाम वापसी के साथ साफ हुई मुकाबले की तस्वीर

## मोलकिया में सीधी टक्कर, कादेड़ा में पंचकोणीय




केकड़ी । कादेड़ा ग्राम पंचायत से पांच उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं। 14 फरवरी को प्रातः आठ बजे से सायं पांच बजे तक मतदान होगा।

केकड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोलकिया और कादेड़ा में सरपंच उपचुनाव के लिए गुरुवार को नाम वापसी के बाद अंतिम तस्वीर साफ हो गई है। मोलकिया पंचायत में जहां दो दावेदार चुनावी मैदान में रहे हैं। वहीं कादेड़ा ग्राम पंचायत से पांच उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं। 14 फरवरी को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होगा।

मोलकिया में आमने-सामने का मुकाबला ग्राम पंचायत मोलकिया में सरपंच पद के लिए चार जनों ने नामांकन दाखिल किए थे रिटर्निंग अधिकारी रामलाल डडवारिया व पीआरओ राकेश जैन ने बताया कि सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की गई। जिसमें सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। दोपहर 3 बजे पहले रामलाल गुर्जर व रामसिंह जाट ने अपना नामांकन फॉर्म वापस ले लिया। दोपहर 3 बजे नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी की गई। ग्राम पंचायत मोलकिया में प्रवीण जाट व जयसिंह गुर्जर के बीच आमने-सामने का सीधा मुकाबला है। दोनों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं।

कादेड़ा में पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में ग्राम पंचायत कादेड़ा में सरपंच पद के लिए सात जनों ने नामांकन दाखिल किए थे। रिटर्निंग अधिकारी राजेश जैन व पीआरओ केदार जांगिड़ ने बताया कि सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की गई। जिसमें सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। दोपहर 3 बजे से पहले लालचंद खटीक व चंद्रसेन कीर ने अपना नामांकन फॉर्म वापस ले लिया। दोपहर 3 बजे नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी की गई। ग्राम पंचायत कादेड़ा में रामस्वरूप गुर्जर, रफीक पिंदारा, राजेंद्र सिंह राठौड़, कमलेश रेगर व रेखा जादम के बीच मुकाबला है। पांचों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं।

# जिला कलेक्टर ने ली डीएचएस की बैठक

खैरथल तिजारा, 6 फरवरी। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सचिवालय खैरथल तिजारा में डीएचएस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने सीएससी/ पीएससी हेतु भूमि आवंटन सहित विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत दी जा रही दवाइयां की अस्पताल पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा उन्होंने कहा कि अस्पताल स्तर के अनुसार सभी दवाइयां उपलब्ध हो एवं एक्सपायरी दवाइयां का नियमित निस्तारण किया जाए। उन्होंने सभी अस्पतालों में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या की जानकारी लेकर जिन अस्पतालों में चिकित्सक की कमी है उन अस्पतालों में दूसरे अस्पताल से चिकित्सकों के दिन सुनिश्चित कर आमजन को इलाज की सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा के दौरान संबंधित जिन संस्थाओं में संस्थागत प्रस्ताव कम है उनमें संस्थागत प्रसव संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पतालों को समयबद्ध तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में मौसमी बीमारियों सहित अन्य बीमारीयों की संख्या की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले को टीबी मुक्त करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।
बैठक के दौरान सीएमएचओ अरविंद गेट, जिले के समस्त ब्लॉक सीएमएचओ सहित अस्पतालों के पीएमओ उपस्थित रहे।

# आवारा सांड के हमले में किसान की मौतः कोर्ट ने सरकार और पंचायत को ठहराया दोषी

## 33.25 लाख का मुआवजा देने का आदेश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बीकानेर । राजस्थान के बीकानेर जिले में आवारा सांड के हमले में किसान की मौत हो गई। कोर्ट ने सरकार और पंचायत को दोषी ठहराया है। साथ ही 33.25 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

बीकानेर जिला कोर्ट ने आवारा सांडों के हमले में किसान आशाराम सुथार की मौत के मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राजस्थान सरकार और ग्राम पंचायत केसरदेसर जाटान को दोषी मानते हुए मृतक के परिजनों को 33.25 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने फैसले में स्पष्ट किया कि जिम्मेदार प्रशासन और पंचायत का कर्तव्य था कि वे आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाते। ऐसा न करने के कारण आशाराम को अपनी जान गंवानी पड़ी।

**परिवार को मिलेगा 33.25 लाख का मुआवजा**

कोर्ट के आदेशानुसार, मृतक के वारिसों को 32.52 लाख रुपये क्षतिपूर्ति, पत्नी को 40 हजार रुपये सहजीवन क्षति, अंतिम संस्कार के 15 हजार रुपये और लॉस ऑफ एस्टेट के 15 हजार रुपये सहित कुल 33.25 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा।

**छह आश्रितों का सहारा थे आशाराम**

आशाराम की सालाना आय 2.89 लाख रुपये थी और उनके परिवार में पत्नी, तीन बच्चे और माता-पिता सहित छह आश्रित थे। कोर्ट ने उनके खर्च और परिवार की आर्थिक निर्भरता को ध्यान में रखते हुए यह मुआवजा तय किया।

**स्मृति महोत्सव** | श्रद्धा से मनाया आचार्य विद्यासागरजी का प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव,

# बच्चों ने नृत्य से किया मंत्रमुग्ध



केकड़ी। बच्चों ने आचार्यश्री के सम्पूर्ण जीवन चरित पर एक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर दर्शकों को अभिभूत कर दिया। बालक बालिकाओं ने संगीतमय पूजन करते हुए भक्ति नृत्य के साथ आचार्यश्री के मनोहारी चित्र के सम्मुख अष्टद्रव्यों के अर्घ्य अर्पित कर महोत्सव का उपसंहार किया।

केकड़ी में सापंदा रोड स्थित श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल में प्रख्यात संत दिवंगत दिगम्बर जैन आचार्य महाश्रमण विद्यासागरजी महाराज का प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव गुरुवार को श्रद्धा व भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न धार्मिक प्रस्तुतियों के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दिगम्बर जैन समाज के संरक्षक कैलाशचंद सोनी, अध्यक्ष भंवरलाल बज, संस्था अध्यक्ष संजय कटारिया, सचिव आनंद सोनी, कोषाध्यक्ष प्रमोद बाकलीवाल, समाज श्रेष्ठी सचिन गदिया, अरिहंत बज, समिति सदस्य विनोद पाटनी व सुकेश गंगवाल आदि अतिथियों ने आचार्य विद्यासागरजी महाराज के मनोहारी चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन से किया।

तत्पश्चात कक्षा आठ की छात्राओं ने भक्ति नृत्य व मंगलाचरण से महोत्सव की शुरूआत की। केजी सेक्शन के नन्हें मुन्हें बच्चों ने कर्णप्रिय भजन "हीरे को परख लिया आचार्य ज्ञानसागर ने" प्रस्तुत किया। कक्षा पांच के विद्यार्थियो ने "विद्यासागर की जय हो" गीत पर भक्तिमय प्रस्तुति दी। कक्षा तीन की छात्रा आरवी जैन ने गुरु वंदना की। बाद में नन्हें छात्र-छात्राओं द्वारा आचार्यश्री के जन्म, शिक्षा, दीक्षा, आचार्य पद ग्रहण करने से लेकर लोक कल्याण की साधना व समाधि महाप्रयाण तक की उनकी संपूर्ण जीवन गाथा को बिना रुके, अनवरत क्रम से नृत्य नाटिका के रूप में भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर उपस्थित सभी दर्शक अभिभूत व भाव विभोर हो गए। भव्य मंच, मधुर संगीत, प्रभावशाली शब्द संरचना व कलाकारों की बेहतरीन प्रस्तुति ने दर्शकों को एकटक कार्यक्रम देखने को मजबूर कर दिया।

इसके बाद सभी अतिथियों ने कक्षा छह व सात के विद्यार्थियो के साथ आचार्य गुरु की विधि विधान पूर्वक पूजन की। पूजन में आचार्यश्री के चित्र के सम्मुख अष्टद्रव्य जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, फल के अर्घ्य चढ़ाए गए। अर्घ्य समर्पण करने की यह प्रस्तुति बच्चों द्वारा भक्ति नृत्य करते हुए दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगणों ने भी सामूहिक भजन प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर कैलाशचंद सोनी, भंवरलाल बज, संजय कटारिया, आनंद सोनी व अजय जैन ने अपने संबोधन में आचार्य विद्यासागर जी के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर जी एक दिव्य पुरुष थे, जिनके जीवन का हर हिस्सा समस्त मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उनकी तप साधना एक मिसाल है, जो प्रकृति में सुगंध की तरह महक रही है। उन्होनें कहा कि मूकमाटी महाकाव्य जैसे 100 से अधिक अद्भुत ग्रंथों के रचयिता, 75 गौशालाओं, अनेक अस्पतालों व गुरुकुल विद्यालयों के प्रेरक आचार्यश्री एक वर्ग विशेष के ही नहीं, अपितु समूचे राष्ट्र के ऐसे पूजनीय संत थे, जिन्होंने अपने ज्ञान, संयम, तप, त्याग, आचरण व परोपकार से जन जन को प्रभावित व लाभान्वित किया। उन्होनें वैराग्य धारण करने के उपरांत पचास साल से अधिक की अपनी अनवरत साधना के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 55 हजार किलोमीटर की पदयात्राएं कर श्रमण संस्कृति की धर्म पताका फहराई तथा देशभर में अहिंसा एवं सद्भावना का संदेश फैलाकर समाज व राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की।

वक्ताओं ने अपराजेय साधना से देदीप्यमान आचार्य विद्यासागरजी के जीवन चरित का गुणगान करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया। प्रारम्भ में निदेशक अजय जैन, प्रधानाचार्य एस एन खंडेलवाल, उपप्रधानाचार्य कैलाशचंद शर्मा व विद्यालय के शिक्षकगणों ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बांधकर स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन आचार्य विद्यासागरजी महाराज की मंगल आरती से किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आजाद शर्मा ने किया।

# अशरफ अली खान का घराना हमारा पुराना परिवारः जयंत चौधरी

## किसानों, मजदूरों, आम लोगों के हितों के लिए संघर्षरत रहेगी रालोदः जयंत चौधरी, कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश दे गए रालोद अध्यक्ष

**थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी का जलालाबाद किला में किया भव्य स्वागत**



**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने गुरुवार को थानाभवन के विधायक अशरफ अली खान के जलालाबाद स्थित किला आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान बड़ी संख्या में नेता, समर्थक और कार्यकर्ताओं ने जयंत चौधरी का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जयंत चौधरी ने कहा कि रालोद हमेशा किसानों, मजदूरों व आम जनता के हितों के लिए संघर्षरत रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भी एकजुट रहने का आहवान किया। गुरुवार को थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने जलालाबाद स्थित किला आवास में केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी का भव्य स्वागत किया। इस दौरान बडी संख्या में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जयंत चौधरी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर आयोजित बैठक में क्षेत्रीय विकास, किसानों और मजदूरों की समस्याओं और पार्टी को मजबूत करने व नये लोगो को पार्टी से जोड़ने को लेकर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी थानाभवन विधायक अशरफ अली खान के आवास पर लगभग एक घंटा रुके। जयंत चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी किसानों, मजदूरों और आम जनता के हक के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विधायक अशरफ अली खान का घराना हमारा पुराना परिवार है हम अपने परिवार से मिलने यहां आए हैं। वहीं, विधायक अशरफ अली खान ने जयंत चौधरी का धन्यवाद किया और कहा कि यह शिष्टाचार और पारिवारिक भेंट थी। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस मुलाकात के जरिए क्षेत्र की समस्याओं से भी केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को अवगत कराया गया है। माना जा रहा है कि यह मुलाकात क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने में सहायक होगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, विधायक मिथिलेश पाल, विधायक राजपाल बालियान, विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस, शाहजमां खान, धीर सिंह चौधरी, नईम मलिक, विक्रांत निर्वाल, ऋषिराज राझड़, कलिंदर मलिक किसान यूनियन, वाजिद प्रमुख, हाजी तसव्वुर, राव वारिस पूर्व विधायक, अनिल कुमार मंत्री कैबिनेट मंत्री, अय्यूब हसन, वेदपाल गहलोत, अनवार चौधरी, विश्व प्रताप, चौ. मुस्तकीम हसन, अजीत प्रधान, राव ताबे करीम, राव जमशेद थानाभवन, विक्रांत ज्वाला, पप्पू मलिक अरविंद झाल,डॉक्टर मुबारक, असगर हाजी सत्तार, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन

## किसान मजदूर भारतीय संगठन ने सीएमओ से की अनियमिताएं दूर करने की मांग



**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** किसान मजदूर भारतीय संगठन ने जिला चिकित्सालय में व्याप्त कई अनियमितताओं को लेकर गुरुवार को सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर अनियमिताओं को दूर करने की मांग की। गुरुवार को किसान मजदूर भारतीय संगठन ने जिला चिकित्सालय में विभिन्न अनियमिताओं को लेकर सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर सीएमओ डा. अनिल कुमार को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पंवार ने कहा कि जिला चिकित्सालय में चिकित्सक समय से नहीं बैठते जिस कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पडता है। मरीज घंटों ओपीडी के बाहर खडे रहते हैं। चिकित्सालय में मरीजों को सिटी स्कैन एवं अल्ट्रासाउंड के लिए लंबी तारीखें दी जाती है। जिला चिकित्सालय में दवाईयां का भी अभाव रहता है जिस कारण मरीजों को बाहर से महंगे दामों पर दवाईयां खरीदने को मजबूर होना पड रहा है। आपरेशन के नाम पर मरीजों के तिमारदारों से पैसों की मांग की जाती है, अथवा उन्हें आपरेशन संबंधी सामान बाहर से लाने के लिए मजबूर किया जाता है। इस मौके पर आशु चौधरी, दीपक शर्मा, चौ. मदनसिंह, डा. बैसर, इमरान, आमिर, मुर्सलीन, साजिद, आसिफ अली, हिना रुकसाना, शादाब आदि भी मौजूद रहे।

# घर में घुसकर बाप-बेटी से मारपीट, घर में तोडफोड

## पीडित युवती ने पुलिस पर लगाया कार्रवाई न करने का आरोप, डीएम से गुहार लगाई

**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** झिंझाना क्षेत्र के गांव बानीपुर मजरा रटौंद निवासी एक युवती ने अपने ही पडौसियों पर घर में घुसकर मारपीट करने व पुलिस द्वारा आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की मांग की है। गांव बानीपुर मजरा रटौंद निवासी युवती दीपा ने कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि विगत रात वह और उसका पिता ओमपाल घर पर मौजूद थे तभी पडौसी के ही कुछ लोग उनके घर पर लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर घुस आए तथा गाली गलौच करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी जिसमें वह और उसका पिता घायल हो गए। आरोपितों ने उनके घर में भी तोडफोड की। उसने किसी तरह पुलिस को मामले की जानकारी दी। शोर शराबा व पुलिस को आता देखकर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीडिता का आरोप है कि पुलिस ने भी आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि अगले दिन सुबह आरोपित पक्ष एक बार फिर उनके घर पहुंचा तथा उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। युवती ने आरोप लगाया कि अब पुलिस भी उन पर विपक्षियों से फैसले का दबाव बना रही है। पीडिता ने आरोपी पक्ष से जान का खतरा जताते हुए जानमाल की सुरक्षा करने की गुहार लगायी है।

# बकाया मांगने पर व्यापारी व उसके भाई पर हमला

**कैराना।** बकाया रुपये मांगने पर व्यापारी व उसके भाई पर हमला कर घायल कर दिया गया। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। नगर के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी मुकर्रम ने एसपी को शिकायती पत्र भेजा है। बताया है कि उसकी झाड़खेड़ी रोड पर सीमेंट की दुकान स्थित है। लगभग दो वर्ष पूर्व गांव झाड़खेड़ी निवासी दो युवकों द्वारा मकान बनाने हेतु सीमेंट व सरिया खरीदा गया था, जिन पर 15 हजार रुपये बकाया रह गए थे। गुरुवार की प्रातः करीब नौ बजे वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान दोनों युवक



अपने एक साथी के साथ दुकान पर पहुंचे, जिनसे उसके द्वारा अपने बकाया रुपये मांगे गए। इस पर आरोपी धमकी देकर चले गए। कुछ देरी के बाद आरोपी अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों के साथ मिलकर लाठी—डंडों व हथियारों से लैस होकर दुकान में घुस आए। आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए लाठी—डंडों से हमला कर दिया। इसी दौरान उसका भाई अंसार मौके पर आ गया, जिनसे बचाव कराने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। मारपीट में वह दोनों घायल हो गए। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को शिकायत की, उन्हें सीएचसी में भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया। उधर, पीड़ित ने मामले में पुलिस से आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## संक्षेप समाचार :

### जानलेवा हमले के मामले में पांच आरोपी नामजद

कैराना। रंजिशन घर में घुसकर नौ वर्षीय बालक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में पांच आरोपियों को नामजद कराया गया है। मोहल्ला आलकलां निवासी इरशाद ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चार फरवरी की दोपहर करीब दो बजे वह किसी कार्य से तहसील में गया हुआ था। इसी दौरान ताबू कुरैशी, फारुक, क्वाटर, दानिश व फैसल निवासी मोहल्ला छडियान (आलकलां) एक राय होकर घर में घुस आए। आरोपियों ने उसके नौ वर्षीय भतीजे उमैर पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें आंख के पास चोट लगने के कारण वह घायल हो गया। बीच-बचाव में आई परिवार की महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। बाद में आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### हाथ तोड़ने के प्रकरण में मुकदमा दर्ज

कैराना। बालक का हाथ तोड़ने के मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया। मोहल्ला आलकलां निवासी जुल्फुकार ने मुकदमा दर्ज कराया कि 28 जनवरी की दोपहर करीब तीन बजे उसका 11 वर्षीय पुत्र मो. शाद गली में खेल रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के ही यूसुफ ने उसे डराते—धमकाते हुए थप्पड़ मारा। इसके बाद उसके पुत्र का हाथ मरोड़ कर तोड़ दिया। बाद में जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

### विद्यालय से चार सिलेंडर व मिड डे मील का सामान चोरी

शामली। क्षेत्र के गांव सिम्भालका स्थित प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों ने घुसकर वहां से चार सिलेंडर व मिड डे मील का सामान चोरी कर लिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच पडताल की। प्रधानाध्यापिका ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव सिम्भालका स्थित प्राथमिक विद्यालय में बीती रात अज्ञात चोरों ने घुसकर वहां से चार सिलेंडर, एक चूल्हा, एक भिगोना, एक परात सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया तथा फरार हो



गए। गुरुवार की सुबह जब प्रधानाध्यापिका स्कूल पहुंचे तो सामान गायब देखकर उन्होंने मामले की सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जांच पडताल की। घटना के संबंध में स्कूल की प्रधानाध्यापिका रेशमा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

# छात्र-छात्राओं को दिया चंद्रमा के फेस का मॉडल बनाने का प्रशिक्षण



**सेंट आरसी स्कूल में आयोजित तकनीकी कार्यशाला में विभिन्न चीजों से बनाए गए मॉडल**

**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** शहर के सेंट आरसी स्कूल में तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाहर से आई इंजीनियरों की टीम ने छात्र-छात्राओं को चंद्रमा के फेस के मॉडल बनाने का प्रशिक्षण दिया। स्कूल में आयोजित तकनीकी कार्यशाला में हरिद्वार की तकनीकी फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मैनेजर मनीष कुमार की 8 इंजीनियर की टीम इंजीनियर करन, सागर, नमन, हिमांशु, रोहित, रिया, पूजा और सजना ने कक्षा 3 के विद्यार्थियों को पेपर शीट, प्लास्टिक बॉल्स, डबल साइडेड टेप व फॉम पीस की सहायता से चंद्रमा के फेस का मॉडल तैयार कराकर चंद्रमा व उसकी कलाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चंद्रमा का वह हिस्सा जो पृथ्वी की तरफ होता है उसे चंद्रमा का फेस कहते हैं और चंद्रमा के चमकीले भाग की विभिन्न आकृतियां जो एक महीने के अंदर दिखाई देती है उन्हें चंद्रमा की कलाएं जाता है चंद्रमा की कलाई सामाजिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होती है। टीम ने कक्षा 5 के विद्यार्थियों को पेपर शीट बेस स्मॉल पेपर शीट, फॉम पीस, वेलक्रो पाइप व कॉटन की सहायता से भारत में अलग-अलग क्षेत्र में पाए जाने वाले वनों का मॉडल तैयार कराकर उनके क्षेत्र में प्रकारों के विषय में जानकारी प्रदान की। कार्यशाला का संचालन प्रधानाचार्य उज्मा जैदी ने किया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक व स्टाफ भी मौजूद रहा।

# काशीराम आवास कालोनी में मकान दिलाए जाने की गुहार

## थानाभवन निवासी कई लोगों ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों को सौंपे प्रार्थना पत्र

**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** थानाभवन निवासी कई लोगों ने खाली कराए गए कांशीराम आवास में दोबारा आवास दिलाए जाने की मांग की है। इस दौरान बडी संख्या में लोगों ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपे।
जानकारी के अनुसार गुरुवार को थानाभवन निवासी मौ. आमिर ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह कई सालों से काशीराम आवास में परिवार के साथ रह रहा था लेकिन अब वह आवास खाली करा लिया गया है जिस कारण उसे व उसके परिवार को भारी परेशानियों का



सामना करना पड रहा है। उसके पास कोई अतिरिक्त जमीन या संपत्ति नहीं है। उसका नाम काशीराम आवास की सूची में शामिल नहीं है जिस कारण उसे योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। आमिर ने डीएम से आवास दिलाए जाने की मांग की। इसके अलावा मौहम्मद आरिफ ने भी प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह कई सालों से काशीराम आवास में रह रहा था, उसका नाम काशीराम आवास सूची में शामिल नही है इसलिए उसका नाम भी सूची में शामिल करते हुए आवास आवंटित करने की गुहार लगायी। थानाभवन निवासी अनिता ने भी प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह पिछले 25 सालों से किराये के मकान में परिवार के साथ रहती है। थानाभवन में काशीराम आवास कालोनी में मकानों की जांच चल रही है उसे पता चला है कि जांच के बाद अपात्र लोगों से आवास खाली कराए जाएंगे तथा पात्र परिवारों को आवास आवंटित होंगे। अनिता ने एक आवास उसे दिलाए जाने की गुहार लगायी।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शहर के मौहल्ला दयानंदनगर निवासी अनिल कुमार ने अपनी बाइक चोरी के संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित की तलाश शुरू कर दी थी। गुरुवार को पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित नंदलाल उर्फ नंदराम पुत्र रामलाल उर्फ रामदिया निवासी गली नंबर 5 मौहल्ला दयानंद को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की गयी बाइक भी बरामद कर ली है।



पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जीवन की समस्याएं व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती हैंः एडीएम

## सिम्भालका स्थित कंपोजिट विद्यालय में रासेयो शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों स्वयंसेविकाओं ने किया श्रमदान

**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** सिम्भालका स्थित कंपोजिट विद्यालय में चल रहे वीवी इंटर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं द्वारा शिविर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया।
सिम्भालका स्थित कंपोजिट विद्यालय में चल रहे शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम संतोष कुमार सिंह, विशिष्ठ अतिथि अंकित गोयल, कालेज प्रबंध कारिणी के संरक्षक संजय संगल, कार्यक्रमाधिकारी डा. अनुराग शर्मा, उप प्रधानाचार्य गुरदास सिंह ने किया। स्वयंसेवकों




को संबोधित करते हुए एडीएम संतोष कुमार सिंह ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का संकल्प मजबूत है, तो जीवन में आने वाली समस्याएं व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारने का काम करती है इसलिए जीवन में आने वाली चुनौतीयो से घबराना नहीं चाहिए तथा उनका सामना करके आपदा को अवसर में बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन को जीने का ढंग सिखाती है लेकिन जीवन को मूल्यवान बनाने के लिए सभी को अपने अलावा राष्ट्र और समाज के हित के विषय में जरूर सोचना चाहिए। अंकित गोयल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ आधुनिक व्यवस्था में अपनी संवाद क्षमता को बेहतर करना चाहिए।शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने शिविर परिसर में साफ सफाई एवं श्रमदान किया। इस मौके पर क्रीडा प्रभारी अमरपाल सिंह, प्रमोद कुमार, राजबीर सिंह, आशा जांगिड़, पूर्व प्रधानाचार्य जयदेव कालखंडे, रेशमा अंसारी, आकाश गर्ग, प्रिंस, सुनील, आकाश राजू, अन्नू शर्मा, गौरी, शालू आदि भी मौजूद रहे।

# आलस्य त्यागकर भक्ति एवं श्रेष्ठ कार्य करेंः सौरभ सागर महाराज

## जैन धर्मशाला में जैन मुनि सौरभ सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को किए मंगल प्रवचन

**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** जैन संत आचार्य 108 सौरभ सागर जी महाराज ने कहा है कि जो व्यक्ति अच्छा कार्य करने में आलस्य करता है उसे नास्तिक कहा जाता है। महाराजश्री ने कहा कि हमें आलस त्यागकर भगवान की भक्ति एवं श्रेष्ठ कार्य करने चाहिए। उन्होंने आहवान किया कि बच्चों के अंदर भी अच्छे संस्कार पैदा करो।
जनकारी के अनुसार तालाब रोड स्थित जैन धर्मशाला में आयोजित मंगल प्रवचनों में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जैन मुनि श्री सौरभ सागर जी महाराज ने कहा कि जैन शास्त्रों में आलसी व्यक्ति को दूसरे नंबर का दोषी माना गया है। जो व्यक्ति अच्छा कार्य करने में आलस करता है वह नास्तिक कहा जाता है। जैन धर्म में सेवा की प्रभावना होती है, वह सत्संग में जाता है, मंदिर में पूजा अर्चना करता है। महाराज श्री ने कहा कि



धर्म कार्य में भी नौकर की प्रवृत्ति आ चुकी है, अपने घर व दुकान की साफ सफाई तो स्वयं कर लेते हैं लेकिन मंदिर की साफ सफाई के लिए नौकर माली से करवाते हैं। जैन मुनि ने कहा कि अपने अंदर के आलस्य को त्यागकर भक्ति एवं श्रेष्ठ कार्य करें, अपने बच्चों के अंदर भी अच्छे संस्कार पैदा करें, साधुओं की सेवा करें इससे आपका कल्याण होगा। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण जैन रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष मयंक जैन, महामंत्री वैभव जैन, प्रवीण जैन, विरेश जैन, रवि जैन, आलोक जैन, कमल जैन, रितेश जैन, दिनेश जैन, शरद जैन शिवम जैन, सिद्धार्थ जैन, अंकुर जैन, ममता जैन, सपना जैन, स्वाति जैन, नीरू जैन, मृदुला जैन सहित बडी संख्या में महिलाएं, पुरुष भी मौजूद रहे।

### विद्या सागर महाराज के प्रथम समाधि वर्ष पर भंडारा




शामली। जैन मुनि श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि वर्ष के अवसर पर गुरुवार को रेलवे रोड पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। श्री पाश्वनार्थ धरणेन्द्र पदमावती प्रभावना संघ के अध्यक्ष अमित जैन ने बताया कि महाराज श्री के प्रथम समाधि वर्ष के उपलक्ष्य में रेलवे रोड स्थित मनोज जैन के प्रतिष्ठान पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बडी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मयंक जैन, श्वेता जैन, पर्व जैन प्रिशा जैन, श्राविका जैन, नमित जैन, साहिल जैन, अखिल जैन आदि भी मौजूद रहे।

### 10 फरवरी को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की दवाई

**शामली।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर 10 फरवरी को सरकारी, प्राइवेट स्कूलों, आंगनवाडी केन्द्रों व मदरसों में छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी। सीएमओ डा. अनिल कुमार ने बताया कि 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जनपद के सभी सरकारी, प्राइवेट स्कूलों, मदरसों व आंगनवाडी केन्द्रां पर 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क कृमिनाशक दवाई एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 1 से 1 वर्ष के बच्चों को 200 मिग्रा. आधी गोली एवं 2 से 19 वर्ष के बच्चों को 400 मिग्रा की एक गोली दवा चबाकर अथवा पीसकर चूरा बनाकर खिलाई जाएगी। इस दौरान छूटे बच्चों को मॉप-अप दिवस 14 फरवरी को दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने अभिभावकों का आहवान किया कि वे अपने बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई जरूर खिलाएं।

# महाकुंभ भगदड प्रकरण में हताहतों की सही संख्या उजागर करने की मांग

## आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति को भेजा प्रार्थना पत्र, घायलों को सहायता की भी मांग

**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति से प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड में हुई मौतों के मामले में प्रदेश सरकार पर हताहतों ही सही संख्या उजागर न करने और घायलों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। गुरुवार को आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि विगत दिनों प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड में तमाम लोगों की मौत होने और लोगों के घायल होने के मामले प्रकाश में आए हैं, लेकिन प्रशासन मात्र तीस व्यक्तियों की मौत होने की बात स्वीकार कर रहा है और तमाम घटनाओं को भी सिरे से




खारिज कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के इस रवैये के कारण भारी असंतोष और भ्रम की स्थिति बनी हुई है तथा इससे हताहत लोगों के परिवार वालों को भी क्षति पहुंच रही है। उन्होंने राष्ट्रपति से उत्तर प्रदेश सरकार से हताहतों की सही संख्या सामने रखने तथा प्रत्येक हताहत व्यक्ति को समुचित शासकीय सहायता उपलब्ध कराए जाने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश महासचिव विनोद कुमार, ओमबीर, सोमबीर, सादाब, युनूस मौजूद रहे।

# विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का लिया जायजा, दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

लिट्टीपाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमलाल मूर्मू ने झामुमो की प्रखण्ड स्तरीय बैठक में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। साथ ही आयुषमान भारत अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अमड़ापाड़ा का औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी से स्वस्थ सुबिधा की जानकारी ली तथा आम जानता को बेहतर सुबिधा मुहैया कराने की बात कही। वही विधायक हेमलाल मुर्मू ने उपायुक्त, पाकुड़ से वातार्लाप कर यथाशीघ्र एक एम्बुलेंश देने को कहा। वही पाकुड़ सिविल सर्जन से बात कर जल्द से जल्द एक डॉक्टर उपलब्ध कराने को निर्देश दिया। तत्पश्चात विधायक ने गोपीकांदर प्रखण्ड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान विधायक हेमलाल मुर्मू ने कोरमो पुल, कालीपहाड़ी पुल, एवं कोरमो और भालकी के बीच ब्रिज निर्माण कार्य का फीता काट कर व नारियाल फोड़कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के दौरान विधायक ने इंजीनियर को निदेश दिया कि वर्षा के पहले ही तीनों पुल बनकर तैयार हो जाना चाहिए, ताकि बरसात के दिनों में ग्रामीणो को आवागमन में सुविधा हो। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों



की समस्याओं से अवगत भी हुए, कोरमो, जामचुआं, कालीपहाड़ी, पिपरजोड़िया, भालकी आदि गांवों के रैयतों ने बताया कि दुगार्पुर और खरौनी बाजार सड़क निर्माण में रैयतों की जमीन ली गई थी, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। विधायक को बताया कि वे लोग अंचल कार्यालय और जिला भू-अर्जन कार्यालय के चक्कर लगाकर थक चूका है, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। रैयतों ने गोपीकांदर अंचल निरीक्षक का भी शिकायत विधायक के समक्ष पेश किया।

रैयतों ने बताया कि अंचल कार्यालय के द्वारा बोंड को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है, जिस कारण हमलोगों को मुआवजा नहीं मिला है। विधायक ने अंचल कार्यालय गोपीकांदर में फोन कर कागज को जिला भू-अर्जन कार्यालय भेजने को कहा। साथ ही दुगार्पुर और खरौनी बाजार मार्ग की हो रही सुद्दढ़ीकरण कार्य को संबन्धित साइड इंजीनियर को बोल कर रोकवा दिया। विधायक ने कहा कि जबतक रैयतों को मुआवजा नहीं मिल जाता है, तब तक सुद्दढ़ीकरण का कार्य नहीं होगा। तत्पश्चात विधायक ने गोपीकांदर सीएचसी पहुंचे जहां पर विधायक ने सीएचसी गोपीकांदर की औचक निरीक्षण किया। तथा एक-एक कर ड्रेसिंग रूम, अकास्मिक कक्ष, ओपीडी कक्ष की निरीक्षण किया तथा डाक्टरों के साथ बैठक कर सीएचसी की स्वस्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने डाक्टरों को ससमय अस्पताल पहुंचने, मरीज की बेहतर इलाज करने को कहा। विधायक ने निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन एवं एनालाइजर मशीन सीएचसी केन्द्र में जल्द लगाने को कहा, ताकि गोपीकांदर क्षेत्र की लोगों का बेहतर इलाज यही पर हो सके।

लेखा पाल विनोद पांडे से पीएचसी दुगार्पुर और पीएचसी कारूडीह की जानकारी ली। लेखा पाल ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य दुगार्पुर में बिजली कनेक्शन नहीं होने पर मरीजों की इलाज मे दिक्कतें हो रही है। सीएचसी गोपीकांदर में एक भी एम्बुलेंस ना होने पर विधायक ने नाराजगी जताई, विधायक ने कहा कि जल्द से जल्द सीएचसी में एंबुलेंस की व्यवस्था किया जाय। इस मौके पर विकास मुर्मू, रंजन साह, प्रखंड अध्यक्ष संतोष मरांडी, प्रखंड सचिव सुलेमान हांसदा, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष ज्योतिष बास्की, लखीचांद मंडल, दशरथ भगत, माईकल हेंब्रम, शंकर राय, निजु मंडल, अमरनाथ भगत, अमित सिंह, शांति देवी, शिला सोरेन, रोसा हांसदा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# डीसी - डीडीसी ने टोकरी, कुदाल देकर मजदूरों को किया सम्मानित

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ (झा०खं०), जिले में मनरेगा सप्ताह 3 फरवरी से 8 फरवरी तक मनाया जा रहा है। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर बुधवार देर शाम को उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया के द्वारा पाकुड़. प्रखण्ड अन्तर्गत कुमारपुर पंचायत एवं जमशेरपुर पंचायत में मनरेगा अन्तर्गत संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कुमारपुर पंचायत में फतीमा के जमीन पर तालाब निर्माण का जायजा लिया, जिसमें मजदूर कार्यरत था, मस्टररोल के अनुसार मजदूरों का मिलान किया गया। सभी योजना में कार्यस्थल पर मस्टर रोल रखने, प्राक्कलन के अनुरूप सीआईबी को सुधारने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपस्थित पदाधिकारियों एवं कमियों को मनरेगा शपथ दिलाई। वही जमशेरपुर पंचायत में लक्ष्मण रजवार, बीरू रजवार, फूलचंद रजवार और उमेश रजवार का बिरसा हरित ग्राम योजना के निरीक्षण के क्रम में मनरेगा टीम को जमशेरपुर सह- पूरे प्रखण्ड के सभी सम्बन्धित पंचायतों में एक सप्ताह के अन्दर प्रत्येक बागबानी में घेराबंदी करने, एच टेका लगाने, नाडेप तथा जलकुंड निर्माण करने के साथ- साथ इंटर क्रॉपिंग कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित मजदूरों को टोकरी, कुदाल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मु, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, सहायक अभियंता श्यामदत शुक्ला, कनीय अभियंता रवि राकेश एवं ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं पीएम जनमन योजना के तहत की गई कार्यशाला



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं पीएम जनमन योजना तहत गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक की गई। उपायुक्त मनीष कुमार ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं पीएम जनमन योजना के समीक्षा के क्रम में सम्बन्धित पदाधिकारियों को कहा कि पीवीटीजी परिवार के साथ- साथ आदिवासी समुदाय के परिवार को भी आवश्यकता अनुसार लाभ पहुंचाना है। उपायुक्त ने कल्याण विभाग से संचालित आवासीय विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापाकों से छात्रावास / शिक्षक आवास, पी०सी०सी० सड़क निर्माण / मल्टिपरपस हॉल निर्माण आदि से सम्बन्धित आवश्यकता विवरणी प्राप्त कर कनीय / सहायक अभियंता से प्राक्कलन तैयार कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही ग्रामीण विकास विभाग को प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि भुगतान करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि गति शक्ति पोर्टल पर अपलोड 1180 ग्रामों का सर्वेक्षण करते हुए विद्युत कनेक्शन कराने का निर्देश दिया गया।

237 ग्रामों में ग्रिड इलेक्ट्रिसिटी सोलर कनेक्शन करने हेतु आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया गया। पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि लगभग 447 पीवीटीजी ग्रामों में प्रधानमंत्री सड़क योजना अन्तर्गत आवश्कतानुसार सड़क निर्माण कराने की कार्य को सम्पन्न करायेंगे। इसके अलावे उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण स्थल चयन करते हुए निर्माण कराने की आवश्यक कार्रवाई करेंगे। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि मोबाईल मेडिकल वैन के द्वारा पीवीटीजी गाँवों का निरीक्षण करते हुए प्रोग्रेस रिपोर्ट गति शक्ति पोर्टल पर उपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक, पाकुड़ को निर्देश दिया गया कि 05 (पाँच) किलोमीटर के दायरे में, जिस ग्राम में केवल प्राथमिक विद्यालय है परंतु मध्य विद्यालय नही है उक्त प्राथमिक विद्यालय को मध्य विद्यालय में अपग्रेड करने की आवश्यक कार्रवाई करेंगे। साथ ही यह भी निदेश दिया गया की प्रखण्ड में अगर +2 विद्यालय है एवं छात्र/छात्राएं दूर-दराज से अध्ययन करने के लिए आते है तो छात्रावास निर्माण के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, सिविल सर्जन, महाप्रबंधक जिला उद्योग, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, जिला श्रम अधीक्षक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला क्रीड़ा सह- पर्यटन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन को ले की गई कार्यशाला नुक्कड़ नाटक से भी करेंगे जागरूक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिला में 10 फरवरी से शुरू होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर नुक्कड़ नाटक की टीम के साथ फलेरिया उन्मूलन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राभास रंजन (पिरामल फाउंडेशन) के द्वारा फाइलेरिया जागरूकता हेतु एमडीए - आईडीए की जानकारी विस्तार से दिया गया और बताया कि गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को, असाध्य बीमारी एवं गंभीर रोगों से ग्रसित रोगियों को यह दवा नहीं खिलानी है। दो वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों को एल्बेंडाजोल की गोली सेवन करानी है। दो वर्ष से ऊपर पांच वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को डीईसी की एक गोली, छह वर्ष से चौदह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को डीईसी की दो गोली, पंद्रह वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के व्यक्तियों को डीईसी की तीन गोली सेवन करानी है। साथ ही आइभरमेक्टीन की गोली 90 सेंटीमीटर से कम ऊंचाई वाले व्यक्तियों को नहीं देनी है। 90 सेंटीमीटर से 119 सेंटीमीटर ऊंचाई वाले व्यक्ति को एक गोली, 120 सेंटीमीटर से 140 सेंटीमीटर ऊंचाई वाले व्यक्ति को दो गोली, 141 सेंटीमीटर से 158 सेंटीमीटर ऊंचाई वाले व्यक्ति को तीन गोली तथा 159 सेंटीमीटर से ऊपर ऊंचाई वाले व्यक्ति को 4 गोली दवा सेवन करानी है। दवा अपने समक्ष ही सभी व्यक्तियों को दवा सेवन करानी है।

मौके पर भीबीडी सलाहकार प्रभारी राजू अग्रवाल, जनसम्पर्क कार्यालय से इकाई लिपिक राजेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर भूषण कुमार एवं नुक्कड़ नाटक की टीम उपस्थित थे।

## नये नगर परिषद कार्यालय का होगा निर्माण, डीसी- एसपी ने लिया भूमि का जायजा



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते गुरुवार को उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा पीएचईडी कार्यालय के समीप नये नगर परिषद कार्यालय की निर्माण के निमित्त जमीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासक, नगर परिषद को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया।

# वेद व्यास आवास योजना के तहत 17 लाभुक का चयन



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), जिला मत्स्य विभाग अन्तर्गत वेद व्यास आवास योजना के लाभुकों के चयन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में वेद व्यास आवास योजना के तहत कुल 17 लाभुकों का चयन राज्यादेश के अनुरूप किया गया। वैसे लाभुकों का चयन किया गया जिनको अन्य कोई सरकारी आवास नहीं मिला है एवं जिनका कच्चा मकान है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

## डीसी - एसपी ने की मंडलकारा का औचक निरीक्षण, तलाशी में नहीं मिला आपत्तिजनक सामान

**एनपीटी ब्यूरो**

उपायुक्त सह- जिला दंडाधिकारी मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मंडलाकारा पाकुड़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलकारा में लगे सीसीटीवी फुटेज, विजिटर रजिस्टर, कारा परिसर की भी जांच की गई, जिसमें किसी भी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान जेल के अंदर नही पाया गया। वही उपायुक्त मनीष कुमार ने निरीक्षण के पश्चात बंदियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण, पेपर थैला प्रशिक्षण, पेपर टोंगा प्रशिक्षण देने, लाईब्रेरी में बंदियों के पढ़ने के लिए बुक उपलब्ध कराने एवं स्क्रीन प्रिंटिंग कराने का दिया निर्देश भी दिया।

# आयुष जांच शिविर में 263 लोगों का किया गया स्वास्थ्य जांच

**एनपीटी ब्यूरो**

लिट्टीपाड़ा के बड़ाकुटलो, बरमसिया, पाकुड़ के इशाकपुर एवं खदानपाड़ा एवं हिरणपुर के तोड़ाई में आयुष विभाग की ओर से गुरुवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 263 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। वही डॉ नित्यानंद कुमार वर्मा, डॉ अशोक मेहता, डॉ सौरभ विश्वास, डॉ मो अफरोज आलम एवं डॉ कुलेश कुमार ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से सम्बन्धित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वही शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। कैंप में योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। अगर मनुष्य रोजाना 30 मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करे तो वह स्वस्थ रह सकता है। 07 फरवरी 2025 को लिट्टीपाड़ा के पहाड़ीटोला, पाकुड़ के तलवाडांगा एवं लक्ष्मीनारायणपुर एवं महेशपुर के लखीपुर में आयुष जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांच किया जायेगा।

# रांची के ओरमाझी से शुरू होगा हॉली टूरिस्ट कॉरिडोर

**एनपीटी ब्यूरो**

झारखण्ड में चार हिस्सों में बनने वाले 164 किलोमीटर लंबे हॉली टूरिस्ट कॉरिडोर का निर्माण रांची के ओरमाझी से शुरू होकर गोला-रजरप्पा-गोमिया के रास्ते डुमरी से गिरिडीह होते हुए देवघर तक फोर लेन होगा। भीरकीडीह-बुधाई- देवघर के बीच 32 किलोमीटर फोर लेन कॉरिडोर का डीपीआर बनाने के बाद तकनीकी स्वीकृति दे दी गई है। डुमरी- गिरिडीह से भीरकीडीह के बीच सड़क एनएच 114ए का हिस्सा है। शेष दो हिस्सा रजरप्पा-



ललपनिया- गोमिया (30 किमी राशि 545 करोड़ की लागत से बनेगी) और गोमिया से पेंक होते हुए डुमरी तक 29 किलोमीटर का होगा। रजरप्पा- गोमिया और गोमिया- पेंक वाले हिस्से पर 379 करोड़ लागत आयेगी। इसका 17 किमी हिस्सा ग्रीन फील्ड होगा।

# मासिक अपराध गोष्ठी में एसडीपीओ ने की लंबित कांडों समेत आपराधिक मामले की समीक्षा, दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में एसडीपीओ डीएनए आजाद की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में समीक्षा उपरांत एसडीपीओ डीएन आजाद ने अपराधिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने, अवैध खनन पर प्रतिबंध लगाने, अवैध खनिज परिवहन/ उत्पादन / भंडारण करने समेत अवैध कोयला तस्करी/ ढुलाई/परिवहन पर प्रतिबंध लगाने के ध्यानार्थ शक्ति से अनुकूल अवयवों की अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र में अभियान चलाते हुए अवैध लॉटरी/ नशीली पदार्थ की क्रय - विक्रय अन्य पर पूर्णतः अंकुश लगाने का निर्देश दिया। साथ ही चौकीदारी परेड प्रतिदिन करने समेत चौकीदार के माध्यम से इलाके में आने- जाने वाले नये लोगों पर नजर एवं निगरानी रखने, सामान्य घटनाओं को सांप्रदायिक रंग देने वालों पर विधि सम्मत करवाई करने का भी निर्देश दिया। वही बैठक में सभी लंबित कांडों एवं आपराधिक मामलों की समीक्षा करने के पश्चात निर्देश दिया गया कि अविलंब दो साल से अधिक समय के कांडों का निष्पादन करे। बैठक में एसडीपीओ डीएन आजाद ने थाना में लंबित वारंट कुर्की का निष्पादन करने समेत संपत्ति मूलक कांडों के अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया।

## कांग्रेस नेता ने पार्टी चिन्ह के साथ निकाय चुनाव करने पर दिया जोर, कहा- राज्य सरकार से करेंगे मांग

रांची। कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर ने कहा कि हम हेमंत सरकार से मांग करेंगे कि आगमी नगर निकाय चुनाव पार्टी लाइन पर हों। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव बिना पार्टी चिन्ह के होते हैं, तो हमें कांग्रेस विचारधारा वाले उम्मीदवारों का समर्थन करने के लिए एक रणनीति बनानी होगी। कांग्रेस ने झारंखड में होने वाले नगर निकाय चुनाव पार्टी चिन्ह के साथ कराने की मांग की है। इसको लेकर कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर ने रविवार को कहा कि कांग्रेस झारखंड सरकार से राज्य में होने वाले नगर निगम चुनाव पार्टी चिन्ह के साथ कराने की मांग करेगी। बता दें कि राजनीतिक गलियारों से यह संकेत मिल रहे हैं कि राज्य सरकार इस साल निकाय चुनाव करवा सकती है। हालांकि अप्रैल 2023 से, राज्य में शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव बिना पार्टी चिन्ह के हो रहे हैं। कांग्रेस नेता मीर ने रांची में एक बैठक में कहा कि हम सरकार से मांग करेंगे कि ये चुनाव पार्टी लाइन पर हों। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर चुनाव बिना पार्टी चिन्ह के होते हैं, तो हमें कांग्रेस विचारधारा वाले उम्मीदवारों का समर्थन करने के लिए एक रणनीति बनानी होगी।




# एग्जिट पोल पर केजरीवाल की पहली प्रतिक्रिया, बोले- ' भाजपा की 55 सीटें आ रही तो...'

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



दिल्ली । दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बाद आए एग्जिट पोल पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से प्रतिक्रिया आ गई है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि भाजपा की 55 सीटें आ रही हैं, हमारे उम्मीदवारों को फोन क्यों कर रहे हैं।

गरमाती सियासत के बीच आप के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि भाजपा उनके उम्मीदवारों पर डोरे डाल रही है। अब तक उनके 16 उम्मीदवारों को भाजपा की तरफ से फोन किया जा चुका है। उन्हें लालच देकर भाजपा में शामिल करवाने की कोशिश की जा रही है।

**'आप के 16 उम्मीदवारों को फोन'**

उम्मीदवारों से कहा जा रहा है कि आप छोड़ कर भाजपा में आ जाओ। मंत्री बना देंगे और 15-15 करोड़ देंगे। सोशल मीडिया पर केजरीवाल ने लिखा कि कुछ एजेंसी दिखा रही हैं कि भाजपा की 55 से ज्यादा सीटें आ रही हैं।

**'सभी सर्वे फर्जी हैं': केजरीवाल**

केजरीवाल ने कहा कि अगर ज्यादा सीटें आ रहीं हैं तो आप उम्मीदवारों को फोन करने की क्या जरूरत है। सभी सर्वे फर्जी हैं। इसके माध्यम से दिल्ली में माहौल बनाकर आप के उम्मीदवारों को साधने की कोशिश की जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री आतिशी ने भी एक्स पर पोस्ट कर भाजपा पर निशाना साधा है।

**सीएम आतिशी ने भी दी एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया**

एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अगर गाली गलौज पार्टी की 50 से ज्यादा सीटें आ रही हैं, तो यह हमारे प्रत्याशियों को संपर्क करके तोड़ने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? यह दिखा रहा है कि एग्जिट पोल एक साजिश है। आम आदमी पार्टी के विधायकों को तोड़ने की।

# कांग्रेस ने कहा- एग्जिट पोल में आप को कम आंका बीजेपी बोली- इनका घमंड टूट गया, 'आप' नेता बरसे

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**




नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा के लिए बुधवार को पिछले तीन चुनावों से कम 60.44 फीसदी मतदान हुआ। मैट्रिज के सर्वेक्षण के अनुसार, भाजपा 35-40 सीट जीतकर सरकार बना सकती है। वहीं, आप को 32 से 37 और कांग्रेस को शून्य से एक सीट मिलने का अनुमान है।

दिल्ली में बुधवार को मतदान के साथ ही चुनाव संपन्न हो गए। विधानसभा चुनावों के खत्म होने के बाद अलग-अलग सर्वे एजेंसियों ने दिल्ली के लिए एग्जिट पोल के आंकड़े जारी किए। दिल्ली में बुधवार को मतदान के बाद आए एग्जिट पोल में करीब 26 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी के अनुमान जाहिर किए गए हैं। तकरीबन सभी एग्जिट पोल में भाजपा को सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर बढ़त बताई है।

10 में से आठ एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत, जबकि दो में आप को बहुमत दिया गया है। चुनाव में तीसरे सबसे बड़े दल कांग्रेस को इस बार भी खास फायदा होता नहीं दिख रहा। ज्यादातर एग्जिट पोल में उसे शून्य से तीन सीटें ही दी गई हैं। नतीजे आठ फरवरी को आएंगे।

दिल्ली विधानसभा के लिए बुधवार को पिछले तीन चुनावों से कम 60.44 फीसदी मतदान हुआ। मैट्रिज के सर्वेक्षण के अनुसार, भाजपा 35-40 सीट जीतकर सरकार बना सकती है। वहीं, आप को 32 से 37 और कांग्रेस को शून्य से एक सीट मिलने का अनुमान है।

**एग्जिट पोल को लेकर क्या बोले सौरभ भारद्वाज**

आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा एग्जिट पोल से अगर खुश है तो अपना मुख्यमंत्री भी बना ले। एग्जिट पोल की उम्र एक दिन और बची है। परसो नतीजे आ जाएंगे, अरविंद केजरीवाल को ही मुख्यमंत्री बनना है और आम आदमी पार्टी की सरकार बननी है।

आप सांसद संजय सिंह ने एग्जिट पोल पर कहा, मुझे लगता है कि हमने जो घोषणाएं की थी उसका व्यापक असर चुनाव परिणाम में देखने को मिलेगा। आप 8 तारीख को परिणाम देख लीजिएगा, अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। संजय सिंह ने कहा, 'अगर मसाज देने वाली और स्पा चलाने वाली कंपनियां एग्जिट पोल करेंगी तो आपको पता है कि एग्जिट पोल का क्या हाल होगा। इस बार जनता ने हमारे शिक्षा-स्वास्थ्य, बिजली और पानी के मुद्दे को स्वीकार किया है।'

**जनता ने डबल इंजन वाली भाजपा सरकार को चुनाः चिराग पासवान**

दिल्ली विधानसभा के एग्जिट पोल पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, ₹पिछले 5 साल में सिर्फ बहाने सुनने को मिले। अरविंद केजरीवाल ने खुद कहा था कि अगर मैं यमुना साफ न कर पाऊं तो मुझे वोट मत देना। दिल्ली की जनता ने इस बार डबल इंजन वाली भाजपा सरकार को चुना है।₹

भाजपा सांसद रवि किशन ने एग्जिट पोल पर कहा, ₹दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर भरोसा करके अपना भविष्य तय कर लिया है। दिल्ली जाग चुकी है और 8 तारीख को एग्जिट पोल से भी बेहतर नतीजे आएंगे। इनको (AAP) लगता था कि ये अजेय हैं, इसलिए इन्हें दर्द हो रहा है, इनका घमंड टूट चुका है।

**एग्जिट पोल आम आदमी पार्टी को कम आंक रहे हैंः संदीप दीक्षित**

नई दिल्ली विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने एग्जिट पोल पर कहा, ₹अगर एग्जिट पोल पर यकीन किया जाए तो ठीक है कि उनकी सरकार बन रही है लेकिन मेरी मानें तो एग्जिट पोल आम आदमी पार्टी को कम आंक रहे हैं, मुझे नहीं लगता कि अगर रुझान वैसा ही रहा जैसा दिखाया जा रहा है तो उनकी स्थिति इतनी खराब होगी। मुझे लगता है कि कांग्रेस को 17-18% वोट शेयर आराम से मिल रहा था, हमें देखना चाहिए कि क्या हम वह वोट हासिल नहीं कर पाए या फिर हम उन्हें हासिल करने में कमजोर पड़ गए। एग्जिट पोल कभी सही होते हैं तो कभी गलत।

# सुबह-शाम ठंड, दिन में गर्मी कर रही परेशान, आज सुबह कुछ जगह कोहरे की संभावना

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली । मौसम विभाग के अनुसार बृहस्पतिवार को कुछ स्थानों पर सुबह हल्के से मध्यम स्तर पर कोहरे की संभावना है। शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। राजधानी में सुबह-शाम को ठंड का अहसास हो रहा है। लेकिन, अब दिन में गर्मी महसूस होने लगी है। बुधवार को आलम यह रहा कि सुबह साढ़े आठ बजे से पहले लोधी रोड, सफदरजंग, रिज व आया नगर केंद्र में हल्की बारिश हुई। वहीं, दिन में सूरज की तपिश तेज हो गई। हालांकि मतदान करने के बाद लोग धूप का आनंद लेते दिखे। न्यूनतम तापमान बुधवार को 1.6 डिग्री वृद्धि के साथ 11 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 23.7 डिग्री पहुंच गया। वहीं, सुबह सात से साढ़े आठ तक सफदरजंग एयरपोर्ट में दृश्यता 1000 मीटर, पालम एयरपोर्ट में 800 मीटर रही। वहीं, यातायात के दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार बृहस्पतिवार को कुछ स्थानों पर सुबह हल्के से मध्यम स्तर पर कोहरे की संभावना है। शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 25 और 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं, ठंड बढ़ने के आसार हैं।

**आया नगर रहा सबसे ठंडा**

आया नगर में बुधवार को न्यूनतम तापमान अन्य जगहों के मुताबिक सबसे कम 9.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, पालम में 9.6, लोधी रोड में 10.1 और रिज में 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 'मुसलमानों के मन से डर को निकालने के लिए BJP को वोट दिया'

## AIIA के अध्यक्ष साजिद रशीदी का दावा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



नई दिल्ली । ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन (AIIA) के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि मैं भाजपा में शामिल हो गया हूं या उनके सामने झुक गया हूं। अगर उनकी कोई नीति मुसलमानों के खिलाफ जाती है तो मैं उसका विरोध करूंगा।

दिल्ली विधानसभा 2025 के लिए 5 फरवरी को मतदान हुआ। मतगणना 8 फरवरी को होगी। इस बीच ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष साजिद रशीदी ने दावा किया है कि उन्होंने भाजपा को अपना वोट दिया है। उनके दावे का एक वीडियो सामने आया है।

ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन (अक्क्अ) के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने कहा, ₹मैंने दिल्ली चुनाव में भाजपा को वोट दिया है और अपना वीडियो वायरल किया है क्योंकि भाजपा के नाम पर मुसलमानों में डर पैदा किया जा रहा है और विपक्षी दल कहते हैं कि मुसलमान भाजपा को वोट न दें। मुसलमानों के दिमाग में यह बात बैठा दी गई है कि भाजपा को हराओ, नहीं तो अगर वे सत्ता में आए तो मुसलमानों के अधिकार छीन लिए जाएंगे। मैंने मुसलमानों के मन से उस डर को निकालने के लिए (भाजपा को) वोट दिया है। अगर दिल्ली में भाजपा की सरकार बनती है तो मैं मुसलमानों को दिखाऊंगा कि मुसलमानों के कौन से अधिकार छीने गए हैं।

ृउन्होंने आगे कहा कि मुझे धमकियां मिल रही हैं और आरोप लगाया जा रहा है कि मैं भाजपा के हाथों बिक गया हूं। ऐसा कुछ नहीं है, मैं भाजपा के किसी नेता से भी नहीं मिला हूं। मेरे खिलाफ मामले दर्ज हैं। मेरा एकमात्र उद्देश्य मुसलमानों के दिल और दिमाग से डर को निकालना है।

## पूरी दिल्ली में 70 स्ट्रांग रूम; परिणाम कल

दिल्ली। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने आज बताया कि सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के सभी रिटर्निंग अधिकारियों ने पर्यवेक्षकों, उम्मीदवारों और उनके एजेंटों की उपस्थिति में फॉर्म 17सी, पीठासीन अधिकारियों की डायरियां आदि चुनाव दस्तावेजों की जांच पूरी कर ली गई है। सभी दस्तावेज सही क्रम में पाए गए हैं। पूरी दिल्ली में 19 स्थानों पर एक-एक विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 70 स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने बृहस्पतिवार को बताया कि सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों की ओर से चुनावी दस्तावेज की जांच पूरी कर ली गई है। इसमें फॉर्म 17 सी पीठासीन अधिकारियों की डायरी समेत अन्य महत्वपूर्ण चुनावी दस्तावेज शामिल थे। सीईओ ने बताया कि जांच प्रक्रिया के दौरान सभी दस्तावेज सही पाए गए और पर्यवेक्षकों, उम्मीदवारों और उनके एजेंटों की उपस्थिति ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित किया।

# विधायकों को 15 करोड़ का ऑफर' : संजय सिंह ने किया दावा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

दिल्ली। दिल्ली में चुनाव परिणाम से पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। संजय सिंह ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे विधायकों को ऑफर मिला है। वहीं केजरीवाल ने कहा कि हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फोन आ गए हैं।

मतगणना से पहले सियासी पारा गर्म हो गया है। आप ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसके उम्मीदवारों से संपर्क करने का दावा किया है। आप का आरोप है कि उसके सात प्रत्याशियों को 15-15 करोड़ रुपये लेकर भाजपा में शामिल होने के लिए कहा गया है।

आप सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि इस बार भी भाजपा की सरकार नहीं बनेगी। ऐसे में आप को तोड़कर भाजपा सरकार बनाने का प्रयास कर रही है। आप के सात उम्मीदवारों से भाजपा संपर्क कर 15-15 करोड़ रुपये लेकर पार्टी में शामिल करना चाह रही है। वहीं अरविंद केजरीवाल ने भी एक पोस्ट साझा किया है।

ृउन्होंने सभी उम्मीदवारों को सचेत रहने की सलाह देते हुए कहा कि भाजपा से जितनी भी कॉल आएं, उनकी रिकॉर्डिंग कर लें। अगर कोई मुलाकात कर पैसे का ऑफर देता है, तो हिडन कैमरे से वीडियो बना लें।



बता दें कि कुछ ऐसा ही दावा आप ने 2013 में किया था। उस समय पार्टी ने दिल्लीभर में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर दावा किया था कि आप के उम्मीदवारों को 20-20 करोड़ रुपये देकर भाजपा में शामिल होने के लिए कहा जा रहा है। आप संयोजक अरविं केजरीवाल ने 49 दिनों की सरकार चलाने के बाद इस्तीफा दे दिया था।

**'भाजपा ने मानी हार'**

संजय सिंह ने दावा किया कि मतगणना से पहले ही भाजपा ने हार मान ली है। पूरे देश की तरह भाजपा दिल्ली में भी विधायकों को तोड़कर सरकार बनाना चाहती है। 2013 के विधानसभा चुनाव के बाद शेर सिंह डागर ने आप के विधायक से संपर्क करने का प्रयास किया था। उसके बाद कई बार प्रयास किए गए। कुछ नेता उसके सामने झुक गए। पंजाब में भी इन्होंने सांसद को भाजपा में शामिल किया। वहीं, दिल्ली में दो मंत्रियों को भाजपा में शामिल करवाया। भाजपा दिल्ली में सरकार गिराने का प्रयास कर सकती है।

दिल्ली में बीते बुधवार को मतदान के साथ ही चुनाव संपन्न हो गए। विधानसभा चुनावों के खत्म होने के बाद अलग-अलग सर्वे एजेंसियों ने दिल्ली के लिए एग्जिट पोल के आंकड़े जारी किए थे। एग्जिट पोल में 26 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी का अनुमान है। इस बार के सभी एग्जिट पोल में भाजपा को सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर बढ़त बताई है।

सर्वे एजेंसियों की ओर से जारी किए गए 10 में से आठ एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत मिला है। वहीं दो में आप को बहुमत मिला है। चुनाव में तीसरे सबसे बड़े दल कांग्रेस को इस बार भी खास फायदा नहीं होता दिखा है। इस बार के एग्जिट पोल में कांग्रेस को शून्य से तीन सीटें ही दी गई हैं। नतीजे आठ फरवरी को आएंगे।

जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली विधानसभा के लिए बुधवार को पिछले तीन चुनावों से कम 60.44 फीसदी मतदान हुआ था। मैट्रिज के सर्वेक्षण के अनुसार, भाजपा 35-40 सीट जीतकर सरकार बना सकती है। वहीं, आप को 32 से 37 और कांग्रेस को शून्य से एक सीट मिलने का अनुमान है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं पुरराज प्रिंटिंग एंड पैकिंग प्राइवेट लिमिटेड प्रेस ई-19,सेक्टर-6,नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।